# GURUKUL INTERNATIONAL SCHOOL

**SESSION: 2024-25**

**CLASS-VIII** **SUBJECT- HINDI**

## भाग— 8


पाठ–1. भाषा, लिपि, व्याकरण और हिंदी ........ 145
पाठ–2. वर्ण–विन्यास: उच्चारण ........ 149
पाठ–3. संधि ........ 152
पाठ–4. शब्द–रचना और शब्द–भंडार ........ 154
पाठ–5. उपसर्ग, प्रत्यय और समास ........ 158
- **स्वमूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र–1** (अध्याय 1 से 5 पर आधारित) ........ 161

पाठ–6. संज्ञा ........ 162
पाठ–7. संज्ञा के विकार—लिंग, वचन, कारक ........ 164
पाठ–8. सर्वनाम ........ 167
पाठ–9. विशेषण ........ 170
पाठ–10. क्रिया ........ 172
- **स्वमूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र–2** (अध्याय 6 से 10 पर आधारित) ........ 174
- **आदर्श प्रश्नपत्र–1** (अध्याय 1 से 10 पर आधारित) ........ 175

पाठ–11. काल ........ 180
पाठ–12. वाच्य ........ 182
पाठ–13. अव्यय या अविकारी शब्द ........ 184
पाठ–14. वाक्य–व्यवस्था ........ 187
पाठ–15. पद–परिचय ........ 189
- **स्वमूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र–3** (अध्याय 11 से 15 पर आधारित) ........ 191

पाठ–16. पदबंध ........ 192
पाठ–17. वाक्य–शोधन ........ 194
पाठ–18. विराम–चिह्न ........ 195
पाठ–19. अलंकार ........ 196
पाठ–20. मुहावरे और लोकोक्तियाँ ........ 198
- **स्वमूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र–4** (अध्याय 16 से 20 पर आधारित) ........ 201
- **आदर्श प्रश्नपत्र–2** (अध्याय 11 से 20 पर आधारित) ........ 202

पाठ–21. रचना भाग ........ 206
21.1 अपठित बोध ........ 206
21.2 कहानी लेखन ........ 208
21.3 पल्लवन ........ 208
21.4 दैनंदिनी (डायरी) लेखन ........ 209
21.5 संवाद–लेखन ........ 210
21.6 अनुच्छेद लेखन ........ 211
21.7 पत्र–लेखन ........ 212
21.8 निबंध लेखन ........ 213
पाठ–22. शब्दकोश देखना ........ 215
पाठ–23. यातायात के संकेत ........ 215
- **स्वमूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र–5** (अध्याय 21 से 23 पर आधारित) ........ 216
- **आदर्श प्रश्नपत्र–3** (अध्याय 21 से 23 पर आधारित) ........ 219

# भाषा अधिगम एवं व्याकरण—8

## पाठ-1 भाषा, लिपि, व्याकरण और हिंदी

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें:**

1. *भारत के संविधान में कितनी भाषाओं को मान्यता दी गई है ?*
   (क) 18  (ख) 20  (ग) 22  (घ) 24
2. *संस्कृत की लिपि क्या है ?*
   (क) ब्राह्मी  (ख) देवनागरी  (ग) फ़ारसी  (घ) गुरुमुखी
3. *'रामचरितमानस' की भाषा कौन-सी है ?*
   (क) ब्रज  (ख) अवधी  (ग) मैथिली  (घ) भोजपुरी
4. *हरियाणवी क्या है ?*
   (क) एक भाषा  (ख) एक उपभाषा  (ग) एक बोली  (घ) गीत
5. *दक्षिण में बोली जाने वाली हिंदी को क्या कहते हैं ?*
   (क) दक्खिनी हिंदी  (ख) कर्नाटक हिंदी  (ग) दक्षिणी हिंदी  (घ) अन्य
6. *'कन्नड' किस राज्य की भाषा है ?*
   (क) तमिलनाडु की  (ख) केरल की
   (ग) आंध्र प्रदेश की  (घ) कर्नाटक की
7. *'कामायनी' के रचयिता कौन हैं ?*
   (क) जयशंकर प्रसाद  (ख) मैथिलीशरण गुप्त
   (ग) सूरदास  (घ) सियारामशरण गुप्त
8. *हिंदी का संपूर्ण पोर्टल कौन-सा है ?*
   (क) नयी दुनिया समूह  (ख) हिंदुस्तान समूह
   (ग) जागरण समूह  (घ) भास्कर समूह
9. *हिंदी को राजभाषा के रूप में संविधान में कब स्वीकार किया गया ?*
   (क) 15 अगस्त, 1947 को  (ख) 26 जनवरी, 1950 को
   (ग) 14 सितंबर, 1949 को  (घ) 2 अक्तूबर, 1949 को
10. *'तमिल' किस परिवार की भाषा है ?*
    (क) आर्य परिवार की  (ख) द्रविड़ परिवार की
    (ग) भारोपीय परिवार की  (घ) अन्य किसी परिवार की

**उत्तर—** **1.** (ग)  **2.** (क)  **3.** (ख)  **4.** (ग)  **5.** (क)
**6.** (घ)  **7.** (क)  **8.** (क)  **9.** (ग)  **10.** (ख)

## बोधात्मक प्रश्न

1. **भाषा से आप क्या समझते हैं ? भाषा का महत्व समझाइए।**

   **उत्तर**—भाषा मन के भावों और विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है। मानव मुख से निकली सार्थक ध्वनियाँ भाषा कहलाती है। भाषा के द्वारा हम अपने मन के विचारों एवं भावों से दूसरे को अवगत करा सकते हैं तथा दूसरे के विचार एवं भाव जान सकते हैं।

2. **बोली और भाषा का अंतर स्पष्ट कीजिए।**

   **उत्तर**—भाषा का क्षेत्र विस्तृत होता है जबकि बोली सीमित क्षेत्र में बोली जाती है। भाषा की लिपि होती है तथा बोली की लिपि नहीं होती। भाषा का लिखित साहित्य होता है, बोली का नहीं होता।

3. **भाषा में व्याकरण का क्या महत्व है ?**

   **उत्तर**—व्याकरण भाषा को शुद्ध बोलने, लिखने, पढ़ने तथा समझने के नियमों का ज्ञान कराता है। प्रत्येक भाषा का अपना व्याकरण होता है। व्याकरण भाषा को व्यवस्थित रूप प्रदान करता है। इसी से भाषा का मानक रूप स्थिर रहता है। व्याकरण से ही भाषा का शुद्ध एवं मानक रूप निर्धारित होता है।

4. **लिपि किसे कहते हैं ?**

   **उत्तर**—मानव मुख से निकलने वाली ध्वनियों को अंकित करने के लिए विभिन्न भाषाओं में अलग-अलग चिह्नों की व्यवस्था की गई है। इन चिह्नों को लिपि कहते हैं।

5. **देवनागरी लिपि की विशेषताएँ बताएँ।**

   **उत्तर**—देवनागरी लिपि की विशेषताएँ—इस लिपि में प्रत्येक वर्ण के लेखन के लिए अलग-अलग सांकेतिक चिह्न नियत है। इसी कारण इस लिपि को वैज्ञानिक लिपि कहते हैं। इस लिपि में मौखिक भाषा को लिपि-चिह्नों में प्रकट करने की भरपूर क्षमता मौजूद है। देवनागरी लिपि का प्रत्येक अक्षर एक वक्र है इसलिए सुंदर है तथा सुगठित लिखावट के योग्य है।

6. **हिंदी साहित्य का विकास किस प्रकार हुआ ?**

   **उत्तर**—10वीं-11वीं शताब्दी से लेकर आधुनिक शताब्दी तक हिंदी साहित्य की सुदीर्घ परंपरा रही है। प्रारंभ में सिद्ध साहित्य, संत-साहित्य, सूफी साहित्य, कृष्ण और राम भक्ति काव्य, वीर काव्य तथा श्रृंगार काव्य ने हिंदी को समृद्ध किया। आधुनिक काल से पहले का साहित्य अधिकांशत: पद्य में है। आधुनिक काल में अधिकांश साहित्य गद्य में लिखा गया जिसकी भाषा हिंदी है।

7. **हिंदी के विकास में कंप्यूटर का क्या योगदान है ?**

   **उत्तर**—आजकल कंप्यूटर पर हिंदी का खूब प्रयोग हो रहा है। हिंदी की अनेक वेबसाइट हैं। हिंदी की नेट पत्रकारिता 'वेब दुनिया' से शुरू हुई। इंदौर की 'नयी दुनिया समूह' से शुरू हुआ यह पोर्टल हिंदी का संपूर्ण पोर्टल है। आज हिंदी के अनेक समाचार पत्र नेट पर उपलब्ध हैं। हिंदी की सर्वश्रेष्ठ साइट बीबीसी की है। साहित्यिक पत्रिकाएँ भी वेब पर चल रही हैं। आज हिंदी में ई-मेल का प्रयोग भी होने लगा है। हिंदी पूरी तरह कंप्यूटर की भाषा बन गई है।

**8. हिंदी की चार प्रमुख बोलियों के नाम लिखिए।**

**उत्तर**—हरियाणवी, राजस्थानी, अवधी, भोजपुरी।

**9. मानक हिंदी से आप क्या समझते हैं ? इसकी आवश्यकता क्यों है ?**

**उत्तर**—मानक का अर्थ है—एक निश्चित पैमाने के अनुसार गठित। मानक भाषा से तात्पर्य है, ऐसी भाषा जो एक निश्चित पैमाने के अनुसार लिखी या बोली जाती है। मानक हिंदी भाषा देश की अधिकृत भाषा है। वह राजकाज, साहित्य, विज्ञान आदि सभी क्षेत्रों में मानक रूप में प्रयुक्त होती है। विशाल भूभाग की भाषा होने के कारण हिंदी के स्वरूप में विविधता लाने के लिए इसका मानक रूप होना अति आवश्यक है। हिंदी भाषा में एकरूपता और अनुशासन लाने के लिए इसका मानक रूप प्रयुक्त होता है।

**10. हिंदी को किन-किन राज्यों ने राजभाषा के रूप में स्वीकार किया है ?**

**उत्तर**—उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों और दिल्ली एवं अंडमान-निकोबार संघ राज्यों में हिंदी राजभाषा के रूप में स्वीकार की गई है।

**11. किन-किन राज्यों में हिंदी द्‌वितीय भाषा के रूप में प्रयुक्त की जा रही है ?**

**उत्तर**—तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में हिंदी द्‌वितीय भाषा के रूप में प्रयुक्त की जा रही है।

**12. सही कथन के आगे (✔) तथा गलत कथन के आगे (✘) चिह्न लगाइए:**

(क) व्याकरण मन के भावों और विचारों को व्यक्त करने का माध्यम है। **(✘)**

(ख) भाषा के चार रूप होते हैं। **(✘)**

(ग) भाषा को लिखने का ढंग लिपि कहलाता है। **(✔)**

(घ) हिंदी रोमन लिपि में लिखी जाती है। **(✘)**

(ङ) व्याकरण के प्रयोग से भाषा शुद्‌ध होती है। **(✔)**

(च) हिंदी भारतीय-आर्य भाषा परिवार की भाषा है। **(✔)**

(छ) हिंदी भाषा भारत की राजभाषा भी है। **(✔)**

(ज) कन्नड भाषा द्रविड़ परिवार की है। **(✔)**

(झ) 'रामचरितमानस' की भाषा ब्रजभाषा है। **(✘)**

(ञ) हिंदी कंप्यूटर की भाषा नहीं बन सकती है। **(✘)**

**13. प्रत्येक के बारे में दो-दो वाक्य लिखिए:**

**भाषा :** मानव मुख से निकली सार्थक ध्वनियाँ भाषा कहलाती हैं। इसके द्‌वारा हम अपने विचारों और भावों को अभिव्यक्त कर सकते हैं।

**लिपि :** प्रत्येक भाषा की अपनी लिपि होती है। भाषा को लिखने के लिए अलग-अलग चिह्नों की आवश्यकता होती है। इन चिह्नों को लिपि कहते हैं। हिंदी की लिपि देवनागरी है।

**व्याकरण :** व्याकरण वह शास्त्र है जिससे भाषा के शुद्‌ध बोलने, लिखने, पढ़ने और समझने के नियमों का ज्ञान होता है। व्याकरण भाषा को व्यवस्थित रूप प्रदान करता है।

**हिंदी का क्षेत्र :** हिंदी का क्षेत्र काफी विस्तृत है। भारत के अनेक राज्यों में हिंदी शासन और शिक्षा की भाषा है। बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र, गुजरात और पंजाब की संपर्क भाषा हिंदी है। हिंदी भारत के बाहर भी अनेक देशों में बोली जाती है जिनमें बर्मा, श्रीलंका, मारिशस, त्रिनिदाद, फीजी, मलाया, सूरीनाम तथा दक्षिण और पूर्वी अफ्रीका प्रमुख हैं।

**14. निम्नलिखित में कौन-सा रूप मौखिक भाषा का है और कौन-सा रूप लिखित भाषा का ? सही स्थान पर (✔) चिह्न लगाइए:**

| | मौखिक | लिखित |
|---|---|---|
| (क) निबंध | — | ✔ |
| (ख) भाषण | ✔ | — |
| (ग) टेलीफोन करना | ✔ | — |
| (घ) कविता-पाठ | ✔ | — |
| (ङ) प्रश्न पत्र हल करना | — | ✔ |
| (च) ई-मेल भेजना | — | ✔ |
| (छ) वार्तालाप | ✔ | — |
| (ज) अंत्याक्षरी | ✔ | — |

**15. निम्नलिखित भाषाओं के सामने उनकी लिपि का नाम लिखिए:**

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| हिंदी | देवनागरी |
| पंजाबी | गुरुमुखी |
| संस्कृत | देवनागरी |
| उर्दू | फ़ारसी |
| मराठी | देवनागरी |
| अंग्रेज़ी | रोमन |

**16. उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

(क) 'भाषा' शब्द **भाष्** धातु से बना है।

(ख) भाषा के मुख्यत: **दो** रूप हैं—मौखिक और **लिखित**।

(ग) हिंदी की भाषा व्यवस्था के **तीन** स्तर हैं।

(घ) हिंदी की नेट पत्रकारिता **वेब दुनिया** से शुरू हुई।

(ङ) भाषा का **लिखित** रूप स्थायी होता है।

(च) भाषा का **मौखिक** रूप मूल रूप है।

## पाठ-2 वर्ण-विन्यास: उच्चारण

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें:**

1. *हिंदी में स्वर के कितने भेद हैं ?*
   (क) चार (ख) तीन (ग) दो (घ) पाँच
2. *इनमें से कौन-सा व्यंजन का भेद नहीं है ?*
   (क) अंतस्थ (ख) ऊष्म (ग) स्पर्श (घ) दीर्घ
3. *बोलने के क्रम में सुर में जो उतार-चढ़ाव होता है, उसे क्या कहते हैं ?*
   (क) अनुतान (ख) संगम
   (ग) बलाघात (घ) इनमें से कोई नहीं
4. *प, फ, ब, भ, म व्यंजन मुख के किस भाग से उच्चरित होते हैं ?*
   (क) मूर्धा से (ख) ओष्ठ से (ग) कंठ से (घ) तालु से
5. *कौन-सा रूप सही है ?*
   (क) अत्यधिक (ख) अत्याधिक (ग) अतिधिक (घ) अतीधिक
6. *'ज्ञ' कैसा व्यंजन है ?*
   (क) स्पर्श (ख) ऊष्म (ग) आगत (घ) संयुक्त
7. *'च' का उच्चारण स्थान क्या है ?*
   (क) तालु (ख) कंठ (ग) मूर्धा (घ) दाँत
8. *'श, ष, स, ह'—कैसे व्यंजन हैं ?*
   (क) स्पर्श (ख) ऊष्म (ग) अंतस्थ (घ) आगत
9. *'टवर्ग' के व्यंजन किससे बोले जाते हैं ?*
   (क) दंत से (ख) ओष्ठ से (ग) मूर्धा से (घ) कंठ से
10. *ह्रस्व स्वर के उच्चारण में*
    (क) कम समय लगता है (ख) ज्यादा समय लगता है
    (ग) दुगुना समय लगता है (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर— 1. (ग) 2. (घ) 3. (क) 4. (ख) 5. (क)
6. (ग) 7. (क) 8. (ख) 9. (ग) 10. (क)

**बोधात्मक प्रश्न**

1. **वर्ण की परिभाषा बताते हुए उसके भेदों का उल्लेख करें।**

**उत्तर**—भाषा की वह छोटी-से-छोटी ध्वनि जिसके खंड न हो सकें, वर्ण कहलाती है। वर्ण के दो भेद हैं—(क) स्वर (ख) व्यंजन।

(क) **स्वर :** जिन वर्णों के उच्चारण में हवा मुँह से बिना किसी रुकावट के निकलती है, उन्हें स्वर कहते हैं।

जैसे—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः

(ख) **व्यंजन :** जिन वर्णों के उच्चारण में वायु रुकावट या घर्षण के साथ मुँह से बाहर निकलती है, उन्हें व्यंजन कहते हैं। व्यंजनों का उच्चारण सदैव स्वर की सहायता से होता है; जैसे—क् + अ = क।

**2. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है और क्यों ?**

**उत्तर**—भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण है क्योंकि इसके और खंड नहीं होते।

**3. स्वर के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—स्वर के दो भेद हैं—(क) ह्रस्व स्वर (ख) दीर्घ स्वर।

**4. वर्ण-विच्छेद किसे कहते हैं ?**

**उत्तर**—जब किसी शब्द में प्रयुक्त वर्णों को अलग-अलग किया जाता है तो उसे वर्ण-विच्छेद कहते हैं।

**5. व्यंजन के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—व्यंजन के चार भेद हैं—(क) स्पर्श व्यंजन (ख) अंतस्थ व्यंजन (ग) ऊष्म व्यंजन (घ) आगत व्यंजन।

**6. बलाघात किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखें।**

**उत्तर**—किसी शब्द या शब्दांश का उच्चारण करते समय श्वास के दबाव से जो बल दिया जाता है, उसे बलाघात कहते हैं।

उदाहरण— राम **ही** खेल सकता है।
पेट तो रोटी से **भी** भर सकता है।

उपर्युक्त वाक्यों में 'ही' तथा 'भी' शब्दों पर बलाघात है।

**7. संगम किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखें।**

**उत्तर**—पदीय सीमाओं का बोध कराने वाला संकेत ही संगम है। संगम को दिखाने के लिए '+' चिह्न का प्रयोग होता है।

उदाहरण देखें— तुम मोहन से मिल आओ। मिल + आओ
तुम कभी मोहन से मिलाओ। मिलाओ

**8. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों से कीजिए।**

(क) भाषा के **चार** कौशल माने जाते हैं। *(तीन, चार)*
(ख) भाषा की सबसे छोटी इकाई **वर्ण** है। *(व्यंजन, वर्ण)*
(ग) वर्णों के समूह को **वर्णमाला** कहते हैं। *(व्याकरण, वर्णमाला)*
(घ) स्वर के दो भेद हैं—ह्रस्व और **दीर्घ** स्वर। *(दीर्घ, ऊष्म)*
(ङ) हिंदी में कुल **सैंतीस** व्यंजन हैं। *(सैंतीस, पैंतीस)*
(च) क, ख, ग, घ, ङ और ह का उच्चारण **कंठ** से होता है। *(कंठ, तालु)*
(छ) प, फ, ब, भ, म का उच्चारण **ओष्ठ** से होता है। *(मूर्धा, ओष्ठ)*
(ज) स, ज़, र और ल का उच्चारण **मसूड़े** से होता है। *(दाँत, मसूड़ा)*
(झ) दो या दो से अधिक व्यंजन का संयोग **संयुक्त** व्यंजन कहलाता है। *(स्वतंत्र, संयुक्त)*
(ञ) वर्णों को अलग करने की विधि को **वर्ण** विच्छेद कहते हैं। *(संधि, वर्ण)*

9. **निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही (✔) तथा गलत (✘) का चिह्न लगाइए:**

(क) भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण कहलाती है। (✔)

(ख) हिंदी में स्वरों की संख्या 13 है। (✘)

(ग) अं, अः अयोगवाह हैं। (✔)

(घ) श, ष, स, ह अंतस्थ व्यंजन हैं। (✘)

(ङ) वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं। (✔)

(च) दीर्घ स्वर केवल चार हैं। (✘)

10. **इनको क्या कहा जाता है?**

| | |
|---|---|
| (क) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र को | संयुक्त व्यंजन |
| (ख) फ़, ज़, ऑ ध्वनियों को | आगत व्यंजन |
| (ग) आँ, एँ, ऊँ को | अनुनासिक |
| (घ) य, र, ल, व को | अंतस्थ व्यंजन |

11. **इनके चार-चार उदाहरण लिखो:**

| | |
|---|---|
| (क) स्पर्श व्यंजन | क, ख, ग, घ |
| (ख) ऊष्म व्यंजन | श, ष, स, ह |
| (ग) अंतस्थ व्यंजन | प, ए, ल, व |
| (घ) ह्रस्व स्वर | य, र, उ, ऋ |
| (ङ) दीर्घ स्वर | आ, ई, ऊ, ए |

12. **इन वर्णों के संयोग से बनने वाले दो-दो शब्द लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) क् + ष | = | क्षत्रिय | क्षेत्र |
| (ख) त् + र | = | त्रिशूल | त्रिकोण |
| (ग) त् + य | = | त्याग | प्रत्यय |
| (घ) स् + त | = | समस्त | पस्त |

13. **वर्ण-विच्छेद करो:**

| | |
|---|---|
| (क) रहीम | र् + अ + ह् + ई + म् + अ |
| (ख) महाजन | म् + अ + ह् + आ + ज् + अ + न् + अ |
| (ग) उद्यम | उ + द् + य् + अ + म् + अ |
| (घ) धर्म | ध् + अ + र् + म् + अ |
| (ङ) कार्य | क् + आ + र् + य् + अ |
| (च) प्रथम | प् + र् + अ + थ् + अ + म् + अ |

14. **निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखें:**

| | शब्द | शुद्ध रूप | | शब्द | शुद्ध रूप |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | समाजिक | सामाजिक | (ख) | मुनी | मुनि |
| (ग) | व्यक्ती | व्यक्ति | (घ) | दयालू | दयालु |
| (ङ) | एतिहासिक | ऐतिहासिक | (च) | प्रनाम | प्रणाम |
| (छ) | प्रकास | प्रकाश | (ज) | विस्वाश | विश्वास |
| (झ) | छमा | क्षमा | (ञ) | शैनिक | सैनिक |

| पाठ-3 | संधि |
|---|---|

## अभ्यास

### बहुवैकल्पिक प्रश्न

**सही विकल्प चुनें :**

1. *चंद्रोदय*
   (क) चंद्रो + दय (ख) चंद्रा + उदय (ग) चंद्र + उदय (घ) चंदो + उदय
2. *निश्चल*
   (क) निर् + चल (ख) नि: + चल (ग) निस् + चल (घ) निश् + चल
3. *शिक्षार्थी*
   (क) शि + क्षार्थी (ख) शिक्ष + अर्थी (ग) शिक्षा + अर्थी (घ) शिक्षा + र्थी
4. *न्यायालय*
   (क) न्याय + आलय (ख) न्याय + लय (ग) न्याया + लय (घ) न्याय + लाय
5. निष्पाप
   (क) निस् + पाप (ख) नि: + पाप (ग) निज + पाप (घ) निष् + पाप
6. *मनोकामना*
   (क) मनो: + कामना (ख) मन: + कामना
   (ग) मनोका + मा (घ) मन + कामना
7. *दंतौष्ठ*
   (क) दंत + ओष्ठ (ख) दंता + औष्ठ (ग) दंतौ + ष्ठ (घ) दंतौ + ओष्ठ
8. *स्वच्छ*
   (क) स्व + अच्छ (ख) सु + अच्छ (ग) स्व + च्छ (घ) स्व + छ

**उत्तर—** **1.** (ग) **2.** (ख) **3.** (ग) **4.** (क) **5.** (ख)
**6.** (ख) **7.** (क) **8.** (ख)

### बोधात्मक प्रश्न

1. **संधि किसे कहते हैं ?**
   **उत्तर**—दो वर्णों के मिलने पर जो परिवर्तन अथवा विकार होता है, उसे संधि कहते हैं।
2. **संधि के मुख्यत: कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**
   **उत्तर**—संधि के मुख्यत: तीन भेद हैं—1. स्वर संधि 2. व्यंजन संधि 3. विसर्ग संधि।
3. **स्वर संधि के कितने उपभेद हैं ? सभी के नाम लिखें।**
   **उत्तर**—स्वर संधि के पाँच उपभेद है—(क) दीर्घ संधि (ख) गुण संधि (ग) वृद्धि संधि (घ) यण संधि (ङ) अयादि संधि।
4. **विसर्ग संधि किसे कहते हैं ? दो उदाहरण देकर स्पष्ट करें।**
   **उत्तर**—जब विसर्ग का मेल किसी स्वर या व्यंजन के साथ होता है तब विसर्ग में होने वाला परिवर्तन विसर्ग संधि कहलाता है।

जैसे— मनः + बल = मनोबल
निः + तेज = निस्तेज

**5. व्यंजन संधि किसे कहते हैं? दो उदाहरण देकर स्पष्ट करें।**

**उत्तर**—व्यंजन के बाद किसी स्वर या व्यंजन के आने पर जो विकार होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं।

जैसे— सत् + गति = सद्गति
उत् + ज्वल = उज्ज्वल

**6. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

(क) संधियुक्त शब्दों के अलग-अलग करने की प्रक्रिया को **संधि-विच्छेद** कहते हैं। (*संधि-विच्छेद, समास*)

(ख) 'शरणागत' शब्द **दीर्घ** संधि का उदाहरण है। (*दीर्घ, गुण*)

(ग) हित + उपदेश = **हितोपदेश** होता है। (*हितुपदेश, हितोपदेश*)

(घ) मनोबल शब्द का संधि-विच्छेद **विसर्ग** संधि का उदाहरण होगा। (*विसर्ग, व्यंजन*)

**7. इन शब्दों में संधि कीजिए:**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हिम | + | आलय | = | हिमालय | महा | + | आत्मा | = | महात्मा |
| सूर्य | + | उदय | = | सूर्योदय | विद्या | + | आलय | = | विद्यालय |
| यदि | + | अपि | = | यद्यपि | सु | + | अल्प | = | स्वल्प |
| मुनि | + | ईश्वर | = | मुनीश्वर | कवि | + | इंद्र | = | कवींद्र |
| भानु | + | उदय | = | भानूदय | सम् | + | कल्प | = | संकल्प |

**8. इन शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए:**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| देवालय | = | देव | + | आलय | निर्बल | + | निः | = | बल |
| चरणामृत | = | चरण | + | अमृत | धर्मार्थ | = | धर्म | + | अर्थ |
| गणेश | = | गण | + | ईश | सर्वोदय | = | सर्व | + | उदय |
| अनुच्छेद | = | अनु | + | छेद | उद्घाटन | = | उत् | + | घाटन |
| दिगंबर | = | दिक् | + | अंबर | तल्लीन | = | तत् | + | लीन |
| दयानंद | = | दया | + | आनंद | मुनीश | = | मुनि | + | ईश |
| विषम | = | वि | + | सम | सम्मुख | = | सम् | + | मुख |

**9. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:**

(क) लोकोक्ति — **लोकोक्ति** विशेष संदर्भ में प्रयुक्त होती है।

(ख) परोपकार — हमें दूसरों पर **परोपकार** करना चाहिए।

(ग) नवोढ़ा — पड़ोस की **नवोढ़ा** के गहने चोरी हो गए।

(घ) ज्ञनौषधि — गुरु से प्राप्त ज्ञान भविष्य में **ज्ञनौषधि** का काम करता है।

(ङ) दिगंबर — **दिगंबर** साधु कपड़े नहीं पहनते हैं।

# पाठ-4 शब्द-रचना और शब्द-भंडार

## अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें :**

1. *'पर्वत' शब्द का कौन-सा शब्द पर्यायवाची नहीं है ?*
   (क) पहाड़ (ख) नग (ग) अंबुधि (घ) भूधर
2. *'शांत' का सही विलोम शब्द क्या है ?*
   (क) अशांति (ख) अशांत (ग) शांतुनु (घ) विश्रांत
3. *'अमूल्य' शब्द के लिए सही वाक्यांश क्या है ?*
   (क) जिसकी कीमत न लगाई जा सके (ख) जो बहुत कीमती हो
   (ग) जिसकी कीमत ही न हो (घ) उपहार में देने योग्य
4. *'जो लोगों में प्रिय हो'—उसे क्या कहते हैं ?*
   (क) प्रियदर्शी (ख) लोकप्रिय (ग) लोकप्रेमी (घ) लोकमित्र
5. *'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द क्या है ?*
   (क) क्षीर (ख) वसुधा (ग) अलक (घ) तिमिर
6. *'पतंग' शब्द का अनेकार्थी रूप नहीं है*
   (क) सूर्य (ख) कीड़ा (ग) पक्षी (घ) हाथी
7. *'सर' का अनेकार्थी रूप क्या है ?*
   (क) तालाब (ख) पेड़ (ग) सेना (घ) घन
8. *'जो नष्ट होने वाला है'—वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या है ?*
   (क) नश्वर (ख) शाश्वत (ग) हंता (घ) परित्यक्त
9. *'अर्क' शब्द के सही अनेकार्थी रूप क्या हैं ?*
   (क) रस, नक्षत्र (ख) ताँबा, चंद्रमा
   (ग) आक का पौधा, चंद्रमा (घ) सूर्य, आक का पौधा
10. *'उत्सर्ग' का अनेकार्थी शब्द नहीं है*
    (क) त्याग (ख) दान (ग) मृत्यु (घ) समाप्ति
11. *'रात्रि' कौन-सा शब्द है ?*
    (क) तत्सम (ख) तद्भव (ग) देशज (घ) विदेशी
12. *'काम' का तत्सम रूप क्या है ?*
    (क) क्रम (ख) कर्म (ग) कृम (घ) करम
13. *'अनल' शब्द का क्या अर्थ है ?*
    (क) आग (ख) हवा (ग) फूल (घ) आसमान

14. *'अस्त्र' किसे कहते हैं ?*

(क) जिस हथियार को हाथ में लेकर चलाया जाए

(ख) जिस हथियार को फेंककर चलाया जाए

(ग) जिसे छोड़ा जाए

(घ) जिसमें आग निकले

15. *'पीतांबर' कैसा शब्द है ?*

(क) रूढ़ (ख) यौगिक (ग) योगरूढ़ (घ) अन्य

16. *'निर्जीव' का विलोमार्थी क्या है ?*

(क) अजीव (ख) सजीव (ग) परजीव (घ) कदीव

उत्तर— 1. (ग) 2. (ख) 3. (क) 4. (ख) 5. (ख) 6. (घ)
7. (क) 8. (क) 9. (घ) 10. (ग) 11. (क) 12. (ख)
13. (ख) 14. (ख) 15. (ग) 16. (ख)

## बोधात्मक प्रश्न

**1. शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित बताइए।**

**उत्तर**—निश्चित अर्थ को प्रकट करने वाले सार्थक वर्ण-समूह को शब्द कहते हैं। जैसे—कमल, पुस्तक, किसान आदि।

**2. पद किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित बताइए।**

**उत्तर**—जब किसी शब्द को वाक्य में प्रयोग किया जाता है, तब वह पद बन जाता है। जैसे—पानी में **कमल** का फूल खिला है।

**3. तत्सम शब्द किसे कहते हैं ? दो उदाहरण दें।**

**उत्तर**—संस्कृत भाषा के जो शब्द उसी रूप में हिंदी में प्रयुक्त होते हैं, वे तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे—मुख, रात्रि, कृषक आदि।

**4. तद्‌भव शब्द किसे कहते हैं ? दो उदाहरण दें।**

**उत्तर**—संस्कृत के ऐसे शब्द जो कुछ रूप परिवर्तन के साथ हिंदी में प्रयुक्त होते हैं, वे तद्‌भव शब्द कहलाते हैं। जैसे—मुँह, रात, किसान आदि।

**5. रचना के आधार पर शब्द के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—रचना के आधार पर शब्द के तीन भेद हैं—

(क) रूढ़ (ख) यौगिक (घ) योगरूढ़

**6. शब्द और पद में अंतर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर**—शब्द भाषा की स्वतंत्र एवं अर्थवान इकाई है। शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त होते हैं तब उनका रूप कुछ बदल जाता है। यह बदला रूप ही पद कहलाता है। जैसे—'जा' शब्द वाक्य में आकर—मैं कल जाऊँगा। यहाँ 'जाऊँगा' पद है।

**7. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:**

(क) निश्चित अर्थ प्रकट करने वाले सार्थक वर्ण-समूह को **शब्द** कहते हैं।
*(व्याकरण, शब्द)*

(ख) शब्द वाक्य में प्रयुक्त होने पर **पद** बन जाते हैं। *(पद, वर्ण)*

(ग) संस्कृत भाषा के शब्द हिंदी में परिवर्तित रूप में प्रयुक्त होते हैं तो **तद्भव** कहलाते हैं। *(तत्सम, तद्भव)*

(घ) गुब्बारा **विदेशी** शब्द है। *(देशज, विदेशी)*

(ङ) जो शब्द परंपरा से विशेष अर्थ के लिए ही प्रयुक्त होते हैं, उन्हें **रूढ़** शब्द कहते हैं। *(रूढ़, यौगिक)*

**8. तद्भव रूप लिखिए:** | **तत्सम रूप लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **जिह्वा** | जीभ | **हाथ** | हस्त |
| **निद्रा** | नींद | **सूत** | सूत्र |
| **नृत्य** | नाच | **दही** | दधि |
| **तृण** | तिनका | **काम** | काज |
| **कूप** | कुआँ | **सूरज** | सूर्य |

**9. निम्नलिखित शब्द किस भाषा के हैं?**

| **शब्द** | **भाषा** | **शब्द** | **भाषा** |
|---|---|---|---|
| कमीशन | अंग्रेज़ी | अख़बार | अरबी |
| उम्मीद | फ़ारसी | कुरता | तुर्की |
| ड्राइवर | अंग्रेज़ी | खोपरा | मलय |
| रूबल | रूसी | कनस्तर | पुर्तगाली |

**10. इन भाषाओं के तीन-तीन शब्द लिखिए:**

| **भाषा** | **शब्द** |
|---|---|
| अंग्रेज़ी | स्कूल, कंपनी, कॉलेज |
| अरबी | आज़ाद, अदालत, किताब |
| तुर्की | कैंची, बंदूक, बेगम |
| पुर्तगाली | इस्पात, गमला, गोदाम |

**11. दो-दो उदाहरण लिखिए:**

| | |
|---|---|
| **रूढ़ शब्द** | गाड़ी, सेना |
| **यौगिक शब्द** | विद्यालय, सेनापति |
| **योगरूढ़ शब्द** | पीतांबर, लंबोदर |

**12. पारिभाषिक शब्द लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| nerve | तंत्रिका | action | कार्रवाई |
| breeding | प्रजनन | audit | लेखापरीक्षा |
| capital | पूँजी | physics | भौतिकी |

**13. इन शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए:**

| **शब्द** | **अर्थ** | **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| अंक | गोद, संख्या | विधि | ब्रह्मा, रीति |
| अलि | भँवरा, सखी | मुद्रा | सिक्का, मुख का भाव |
| पत्र | पत्ता, चिट्ठी | तीर | बाण, तट |

**14. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

| **शब्द** | **पर्यायवाची शब्द** | **शब्द** | **पर्यायवाची शब्द** |
|---|---|---|---|
| सूर्य | रवि, दिनकर | आकाश | आसमान, नभ |
| चंद्रमा | चाँद, चंद्र | कमल | जलज, पंकज |
| पृथ्वी | भूमि, धरती | गणेश | लंबोदर, गणपति |
| आँख | नयन, नेत्र | वृक्ष | तरु, पेड़ |

**15. विलोम शब्द लिखिए:**

| **शब्द** | **विलोम शब्द** | **शब्द** | **विलोम शब्द** |
|---|---|---|---|
| आदर | अनादर | आयात | निर्यात |
| सम्मान | अपमान | योग्य | अयोग्य |
| न्याय | अन्याय | अंधकार | प्रकाश |

**16. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए:**

| **वाक्यांश** | **एक शब्द** |
|---|---|
| 1. जो ईश्वर में विश्वास करता हो | आस्तिक |
| 2. जिसका आचरण अच्छा हो | सदाचारी |
| 3. मास में एक बार होने वाला | मासिक |
| 4. जो जानने की इच्छा रखता हो | जिज्ञासु |
| 5. जो कभी न मरे | अमर |
| 6. किए हुए उपकार को मानने वाला | कृतज्ञ |
| 7. जिसमें कुछ संदेह न हो | निस्संदेह |
| 8. जो गणित का ज्ञाता हो | गणितज्ञ |

**17. अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट करो:**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | **अनल** | आग |
| | **अनिल** | हवा |
| (ख) | **अन्य** | दूसरा |
| | **अन्न** | अनाज |
| (ग) | **चर्म** | चमड़ी |
| | **चरम** | अंतिम सीमा |
| (घ) | **अमूल्य** | जिस वस्तु का मूल्य आँका न जा सके |
| | **बहुमूल्य** | बहुत कीमती वस्तु |
| (ङ) | **अपेक्षा** | इच्छा |
| | **उपेक्षा** | निरादर |
| (च) | **कुल** | वंश |
| | **कूल** | किनारा |
| (छ) | **उपहास** | अपमान करने की दृष्टि से मज़ाक उड़ाना |
| | **परिहास** | समवयस्कों के साथ हँसी-मज़ाक करना |

**14. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

| **शब्द** | **पर्यायवाची शब्द** | **शब्द** | **पर्यायवाची शब्द** |
|---|---|---|---|
| सूर्य | रवि, दिनकर | आकाश | आसमान, नभ |
| चंद्रमा | चाँद, चंद्र | कमल | जलज, पंकज |
| पृथ्वी | भूमि, धरती | गणेश | लंबोदर, गणपति |
| आँख | नयन, नेत्र | वृक्ष | तरु, पेड़ |

**15. विलोम शब्द लिखिए:**

| **शब्द** | **विलोम शब्द** | **शब्द** | **विलोम शब्द** |
|---|---|---|---|
| आदर | अनादर | आयात | निर्यात |
| सम्मान | अपमान | योग्य | अयोग्य |
| न्याय | अन्याय | अंधकार | प्रकाश |

**16. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए:**

| **वाक्यांश** | **एक शब्द** |
|---|---|
| 1. जो ईश्वर में विश्वास करता हो | आस्तिक |
| 2. जिसका आचरण अच्छा हो | सदाचारी |
| 3. मास में एक बार होने वाला | मासिक |
| 4. जो जानने की इच्छा रखता हो | जिज्ञासु |
| 5. जो कभी न मरे | अमर |
| 6. किए हुए उपकार को मानने वाला | कृतज्ञ |
| 7. जिसमें कुछ संदेह न हो | निस्संदेह |
| 8. जो गणित का ज्ञाता हो | गणितज्ञ |

**17. अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट करो:**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | **अनल** | आग |
| | **अनिल** | हवा |
| (ख) | **अन्य** | दूसरा |
| | **अन्न** | अनाज |
| (ग) | **चर्म** | चमड़ी |
| | **चरम** | अंतिम सीमा |
| (घ) | **अमूल्य** | जिस वस्तु का मूल्य आँका न जा सके |
| | **बहुमूल्य** | बहुत कीमती वस्तु |
| (ङ) | **अपेक्षा** | इच्छा |
| | **उपेक्षा** | निरादर |
| (च) | **कुल** | वंश |
| | **कूल** | किनारा |
| (छ) | **उपहास** | अपमान करने की दृष्टि से मज़ाक उड़ाना |
| | **परिहास** | समवयस्कों के साथ हँसी-मज़ाक करना |

**14. दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:**

| शब्द | पर्यायवाची शब्द | शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|---|---|
| सूर्य | रवि, दिनकर | आकाश | आसमान, नभ |
| चंद्रमा | चाँद, चंद्र | कमल | जलज, पंकज |
| पृथ्वी | भूमि, धरती | गणेश | लंबोदर, गणपति |
| आँख | नयन, नेत्र | वृक्ष | तरु, पेड़ |

**15. विलोम शब्द लिखिए:**

| शब्द | विलोम शब्द | शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|---|---|
| आदर | अनादर | आयात | निर्यात |
| सम्मान | अपमान | योग्य | अयोग्य |
| न्याय | अन्याय | अंधकार | प्रकाश |

**16. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए:**

| वाक्यांश | एक शब्द |
|---|---|
| 1. जो ईश्वर में विश्वास करता हो | आस्तिक |
| 2. जिसका आचरण अच्छा हो | सदाचारी |
| 3. मास में एक बार होने वाला | मासिक |
| 4. जो जानने की इच्छा रखता हो | जिज्ञासु |
| 5. जो कभी न मरे | अमर |
| 6. किए हुए उपकार को मानने वाला | कृतज्ञ |
| 7. जिसमें कुछ संदेह न हो | निस्संदेह |
| 8. जो गणित का ज्ञाता हो | गणितज्ञ |

**17. अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट करो:**

| | |
|---|---|
| (क) **अनल** | आग |
| **अनिल** | हवा |
| (ख) **अन्य** | दूसरा |
| **अन्न** | अनाज |
| (ग) **चर्म** | चमड़ी |
| **चरम** | अंतिम सीमा |
| (घ) **अमूल्य** | जिस वस्तु का मूल्य आँका न जा सके |
| **बहुमूल्य** | बहुत कीमती वस्तु |
| (ङ) **अपेक्षा** | इच्छा |
| **उपेक्षा** | निरादर |
| (च) **कुल** | वंश |
| **कूल** | किनारा |
| (छ) **उपहास** | अपमान करने की दृष्टि से मज़ाक उड़ाना |
| **परिहास** | समवयस्कों के साथ हँसी-मज़ाक करना |

## पाठ-5 उपसर्ग, प्रत्यय और समास

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें:**

1. *'विक्रय' शब्द में उपसर्ग क्या है ?*

   (क) वि (ख) विक्र (ग) विक (घ) क्रय

2. *'नाटककार' में प्रत्यय कौन-सा है ?*

   (क) नाटक (ख) कार (ग) आर (घ) र

3. *निम्नलिखित शब्दों के सामने दिए गए मूल शब्द में जुड़े उपसर्ग और प्रत्यय के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए*

   ***(i)* अराजक**

   (क) अ + राजक (ख) अराज + क

   (ग) अरा + जक (घ) अ + राज + क

   ***(ii)* अमानवीय**

   (क) अमानव + ईय (ख) अ + मानव + ईय

   (ग) अमानवीय + ता (घ) अ + मानवीयता

4. *'घबराहट' में किस प्रत्यय का प्रयोग है ?*

   (क) राहट (ख) हट (ग) आहट (घ) ट

5. *'वियोग' में किस उपसर्ग का प्रयोग है ?*

   (क) वि (ख) योग (ग) ग (घ) विय

6. *निम्नलिखित समस्तपदों के विग्रह और समास के नाम का सही विकल्प चुनिए*

   ***(i)* पीतांबर**

   (क) पीले हैं अंबर (वस्त्र) जिसके (कृष्ण)—बहुव्रीहि समास

   (ख) पीला जो अंबर (वस्त्र)—कर्मधारय समास

   (ग) पीत और अंबर—द्वंद्व समास

   (घ) पीले अंबरों (वस्त्रों) का समूह—द्विगु समास

   ***(ii)* पंचामृत**

   (क) पाँच और अमृत—द्वंद्व समास

   (ख) पाँच हैं अमृत जिसके—बहुव्रीहि समास

   (ग) पाँच का अमृत—तत्पुरुष समास

   (घ) पाँ अमृतों का समूह—द्विगु समास

   ***(iii)* शरणागत**

   (क) शरण से आगत—करण तत्पुरुष

   (ख) शरण को आया हुआ—कर्म तत्पुरुष

   (ग) शरण में आगत—अधिकरण तत्पुरुष

   (घ) शरण के लिए आगत—संप्रदान तत्पुरुष

7. *'ज्वर-पीड़ित' समस्तपद का विग्रह और समास का सही नाम है*

(क) ज्वर से पीड़ित—तत्पुरुष

(ख) ज्वर और पीड़ित—द्वंद्व समास

(ग) जो ज्वर से पीड़ित हो—बहुव्रीहि समास

(घ) ज्वर से पीड़ित व्यक्ति—कर्मधारय समास

उत्तर— **1.** (क) **2.** (ख) **3.** ***(i)*** (घ) ***(ii)*** (ख) **4.** (ग) **5.** (क)
**6.** ***(i)*** (क) ***(ii)*** (घ) ***(iii)*** (ख) **7.** (क)

## बोधात्मक प्रश्न

**1. उपसर्ग किसे कहते हैं ? दो उदाहरण देकर समझाएँ।**

**उत्तर**—जो शब्दांश मूल शब्द के प्रारंभ में जुड़कर नए शब्दों का निर्माण करते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। जैसे—

सु + पुत्र = सुपुत्र, बे + ईमान = बेईमान

**2. प्रत्यय किसे कहते हैं ? दो उदाहरण देकर समझाएँ।**

**उत्तर**—जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में लगकर नए शब्द बनाते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। जैसे—

बंगाल + ई = बंगाली, सुंदर + ता = सुंदरता

**3. प्रत्यय के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम तथा प्रत्येक के दो-दो उदाहरण दें।**

**उत्तर**—प्रत्यय के मुख्यत: दो भेद हैं—(क) कृत् प्रत्यय (ख) तद्धित प्रत्यय

**(क) कृत् प्रत्यय :** सज + आवट = सजावट बिकना + आऊ = बिकाऊ

**(ख) तद्धित प्रत्यय :** मानव + ता = मानवता, देव + त्व = देवत्व

**4. समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखें।**

**उत्तर**—दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से नए शब्द बनाए जाते हैं। शब्द-निर्माण की इस विधि को समास कहते हैं। जैसे—यथाशक्ति, चौमासा।

**5. समास के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—समास के छह भेद हैं—(क) अव्ययीभाव समास (ख) तत्पुरुष समास (ग) द्विगु समास (घ) द्वंद्व समास (ङ) कर्मधारय समास (च) बहुव्रीहि समास।

**6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर करें:**

(क) उपसर्ग मूल शब्द से **पहले** जोड़े जाते हैं। *(पहले, पीछे)*

(ख) प्रत्यय मूल शब्द के **बाद** में जोड़े जाते हैं। *(शुरू, बाद)*

(ग) प्रत्यय **दो** प्रकार के होते हैं। *(एक, दो)*

(घ) समास से बने पद को **समस्तपद** कहते हैं। *(संधि, समस्तपद)*

(ङ) समास के **छह** भेद होते हैं। (छह, सात)

**7. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और उपसर्ग अलग-अलग करके लिखिए:**

| **शब्द** | **उपसर्ग** | **मूल शब्द** |
|---|---|---|
| अपयश | अप | यश |
| दुर्गंध | दुर् | गंध |

| | | |
|---|---|---|
| निस्संदेह | निस् | संदेह |
| उत्कर्ष | उत् | कर्ष |
| अंत:करण | अंत: | करण |
| अनजान | अन | जान |
| खुशहाल | खुश | हाल |

8. इन उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए:

| उपसर्ग | शब्द | उपसर्ग | शब्द |
|---|---|---|---|
| अति | अतिरिक्त, अतिक्रमण | प्र | प्रयोग, प्रकाश |
| दुर् | दुर्जन, दुर्बल | अध | अधखिला, अधपका |
| परि | परिक्रमा, परिवार | ला | लाजवाब, लाइलाज |
| बद | बदनाम, बदमाश | | |

9. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग कीजिए:

| शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| रंगीला | रंग | ईला |
| पंडिताई | पंडित | आई |
| उड़ान | उड़ | आन |
| श्रद्धालु | श्रद्धा | आलु |
| भारतीय | भारत | ईय |
| कड़वाहट | कड़वा | आहट |

10. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए:

| प्रत्यय | शब्द | प्रत्यय | शब्द |
|---|---|---|---|
| अक्कड़ | भुलक्कड़, घुमक्कड़ | इयल | मरियल, सड़ियल |
| नी | ओढ़नी, सूँघनी | ई | हँसी, बोली |
| एरा | सपेरा, ममेरा | पन | लड़कपन, बचपन |

11. निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह करो तथा समास का नाम भी बताओ:

| | विग्रह | समास |
|---|---|---|
| पाप-पुण्य | पाप और पुण्य | द्वंद्व समास |
| आजीवन | जीवन भर | अव्ययीभाव समास |
| चौमासा | चार मासों का समूह | द्विगु समास |
| पंचामृत | पाँच अमृतों का समूह | द्विगु समास |
| दशानन | दश आनन हैं जिसके | बहुव्रीहि समास |
| बनवास | बन में वास | तत्पुरुष समास |
| आजन्म | जन्म से लेकर | अव्ययीभाव समास |
| नवग्रह | नौ ग्रहों का समूह | द्विगु समास |
| नीलकमल | नीला कमल | कर्मधारय समास |

# स्वमूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र-1

## अध्याय 1 से 5 पर आधारित

**1. आपके मन में माता-पिता के प्रति जो आदर है, उसे किस भाषा में व्यक्त करना चाहेंगे ? पाँच पंक्तियों में लिखकर दिखाएँ।**

**उत्तर**—भाषा मानव मुख से निकली सार्थक ध्वनियाँ होती हैं। माता-पिता के प्रति आदर प्रकट करने के लिए हम अपनी मातृभाषा का प्रयोग करेंगे। हमारी भाषा सरल एवं सभ्य होगी। अपनों के प्रति आदर व्यक्त करते समय भाषा में स्नेह एवं सौदार्द का भाव होना चाहिए।

**2. आपके परिचित लोग कौन-कौन सी बोलियाँ जानते हैं ? उन बोलियों के नाम और उनका संक्षिप्त परिचय लिखें।**

**उत्तर**—विद्यार्थी स्वयं करें।

**3. आप अपने देश में प्रचलित कितनी लिपियों के नाम जानते हैं ? लिपियों के नाम तथा उन लिपियों में लिखी जाने वाली भाषाओं के नाम लिखें।**

**उत्तर**—विद्यार्थी स्वयं करें।

**4. आपके लेखन में कितने प्रकार की अशुद्धियाँ होती हैं और क्यों ? उन अशुद्धियों को दूर करने के उपाय कक्षा में बताएँ।**

**उत्तर**—विद्यार्थी स्वयं करें।

**5. वर्ण के टुकड़े नहीं किए जा सकते किंतु वाक्य और शब्द के किए जा सकते हैं। वाक्य और शब्द के टुकड़े करके हम क्या-क्या जान सकते हैं ?**

**उत्तर**—वाक्य के टुकड़े करने पर वाक्य में प्रयुक्त पद शब्द बन जाते हैं और शब्द के टुकड़े करने पर वे वर्ण बन जाते हैं।

**6. अपने मित्रों और परिचितों में से पाँच ऐसे नाम लिखें जिनका संधि-विच्छेद हो सकता है। संधि के नाम भी लिखें।**

**उत्तर**—विद्यार्थी स्वयं करें।

**7. आप बोलने में किन शब्दों का अधिक प्रयोग करते हैं, तत्सम, तद्भव या देशज ? उदाहरणस्वरूप दस शब्द लिखें।**

**उत्तर**—विद्यार्थी स्वयं करें।

**8. ऐसे समास के नाम और उदाहरण दें जिनसे व्यक्तियों के या देवताओं के नाम बने होते हैं।**

| | | |
|---|---|---|
| पीतांबर | — | बहुव्रीहि समास |
| गजानन | — | बहुव्रीहि समास |
| नीलकमल | — | कर्मधारय समास |
| त्रिवेणी | — | द्विगु समास |
| त्रिभुवन | — | द्विगु समास |
| गिरिधर | — | बहुव्रीहि समास |
| चंद्रशेखर | — | बहुव्रीहि समास |

| पाठ-9 | विशेषण |
|---|---|

## अभ्यास

### बहुवैकल्पिक प्रश्न

**सही विकल्प चुनें:**

1. *विशेषण किसकी विशेषता बताते हैं ?*
(क) क्रिया की (ख) कारक की
(ग) संज्ञा या सर्वनाम की (घ) इनमें से कोई नहीं
2. *तुलना की दृष्टि से विशेषण की कितनी अवस्थाएँ होती हैं ?*
(क) तीन (ख) पाँच (ग) चार (घ) छह
3. *मैं पीला आम लूँगा। रेखांकित किस विशेषण का भेद है ?*
(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक (ग) परिमाणवाचक (घ) सार्वनामिक
4. *'पढ़ना' से क्या विशेषण बनेगा ?*
(क) पढ़ाई (ख) पढ़ाकू (ग) पढ़ता (घ) पढ़
5. *'उच्चतम' विशेषण की कौन-सी तुलनात्मक अवस्था है ?*
(क) मूलावस्था (ख) उत्तरावस्था (ग) उत्तमावस्था (घ) सामान्य
6. *'सरल' विशेषण की उत्तमावस्था कौन-सी है ?*
(क) सरलीकरण (ख) सरलतम (ग) सरलता (घ) सरलतर
7. *जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के नाप, तौल या माप का बोध कराएँ, उसे क्या कहते हैं ?*
(क) गुणवाचक विशेषण (ख) परिमाणवाचक विशेषण
(ग) संख्यावाचक विशेषण (घ) सार्वनामिक विशेषण
8. *जो शब्द विशेषण की विशेषता बताए, उसे क्या कहते हैं ?*
(क) सार्वनामिक विशेषण (ख) परिमाणवाचक विशेषण
(ग) गुणवाचक विशेषण (घ) प्रविशेषण
9. *निम्नलिखित में किस विकल्प के सभी शब्द विशेषण नहीं हैं ?*
(क) सुंदर, योग्य, गुणी (ख) दरिद्र, चतुर, सज्जन
(ग) बचपन, बुढ़ापा, युवक (घ) कायर, वीर, साहसी
10. *वहाँ कोई आदमी खड़ा था। रेखांकित क्या है ?*
(क) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (ख) निश्चयवाचक सर्वनाम
(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) गुणवाचक विशेषण

**उत्तर**— 1. (ग) 2. (क) 3. (क) 4. (ख) 5. (ग)
6. (ख) 7. (ख) 8. (घ) 9. (ग) 10. (ग)

### बोधात्मक प्रश्न

1. **विशेषण किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखें।**
**उत्तर**—संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे—गरम, ठंडा, बड़ा, छोटा, सुंदर, गोरा आदि।

**2. विशेष्य किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखें।**

**उत्तर**—विशेषण शब्द जिन संज्ञा/सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहा जाता है।

जैसे— यह ठंडा पानी है।

इस वाक्य में 'पानी' विशेष्य है।

**3. विशेषण के कितने भेद हैं ? सभी भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—विशेषण चार भेद हैं—

(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक (ग) परिमाणवाचक (घ) सार्वनामिक विशेषण।

**4. प्रविशेषण किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर बताएँ।**

**उत्तर**—विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द को प्रविशेषण कहते हैं।

जैसे—**बहुत** काला घोड़ा।

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए शब्दों में से सही शब्द चुनकर करें:**

(क) विशेषण शब्द जिन संज्ञा/सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें **विशेष्य** कहते हैं। *(प्रविशेषण, विशेष्य)*

(ख) संख्यावाचक विशेषण के **दो** भेद हैं। *(एक, दो)*

(ग) परिमाणवाचक विशेषण की गिनती **नहीं की** जा सकती है। *(की, नहीं की)*

(घ) उपसर्ग या प्रत्यय लगाकर **विशेषण** बनाए जाते हैं। *(सर्वनाम, विशेषण)*

(ङ) विशेषण एक **विकारी** शब्द है। *(विकारी, अविकारी)*

**6. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **धर्म** | धार्मिक | **दिन** | दैनिक |
| **सप्ताह** | साप्ताहिक | **लड़ना** | लड़ाकू |
| **प्यास** | प्यासा | **कुल** | कुलीन |

**7. निम्नलिखित वाक्यों में आए विशेषण छाँटिए तथा उनका भेद भी बताइए:**

| **वाक्य** | **विशेषण** | **भेद** |
|---|---|---|
| (क) मुझे चार मीटर कपड़ा चाहिए। | चार मीटर | परिमाणवाचक |
| (ख) मैं तीन केले खा चुका हूँ। | तीन | निश्चित संख्यावाचक |
| (ग) वहाँ कुछ लोग मौजूद थे। | कुछ | अनिश्चित संख्यावाचक |
| (घ) वह पुस्तक मेरी है। | वह | सार्वनामिक विशेषण |
| (ङ) राम को गरम दूध दीजिए। | गरम | गुणवाचक |

**8. इन वाक्यों में रेखांकित शब्द के बारे में बताइए कि वह सर्वनाम है या सार्वनामिक विशेषण है ?**

| | |
|---|---|
| (क) मुझे खाने को <u>कुछ</u> दीजिए। | सर्वनाम |
| (ख) <u>कुछ</u> आम सड़ गए हैं। | सार्वनामिक विशेषण |
| (ग) <u>कोई</u> चिल्ला रहा है। | सर्वनाम |
| (घ) <u>कोई</u> व्यक्ति चिल्ला रहा है। | सार्वनामिक विशेषण |
| (ङ) <u>वह</u> घर मेरा है। | सार्वनामिक विशेषण |
| (च) <u>वह</u> जा रहा है। | सर्वनाम |

## पाठ-10 क्रिया

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें:**

1. *बच्चा रो रहा है।*
   *—रेखांकित क्रिया का भेद है*
   (क) अकर्मक (ख) सकर्मक (ग) प्रेरणार्थक (घ) पूर्वकालिक
2. *मैं सोकर खेलूँगा।*
   *—रेखांकित क्रिया का भेद है*
   (क) सकर्मक (ख) प्रेरणार्थक (ग) पूर्वकालिक (घ) नामधातु
3. *वह खाना खा चुका है।*
   *—रेखांकित क्रिया का भेद है*
   (क) सामान्य क्रिया (ख) संयुक्त क्रिया
   (ग) प्रेरणार्थक क्रिया (घ) पूर्वकालिक क्रिया
4. *मैं पत्र लिखता हूँ।*
   *—रेखांकित क्रिया का भेद है*
   (क) अकर्मक (ख) सकर्मक (ग) द्विकर्मक (घ) पूर्वकालिक
5. *पिता जी माली से पौधे लगवाते हैं।*
   *—क्रिया का भेद है*
   (क) प्रेरणार्थक क्रिया (ख) पूर्वकालिक क्रिया
   (ग) सामान्य क्रिया (घ) नामधातु क्रिया
6. *पक्षी उड़ता है।*
   *—रेखांकित शब्द का भेद है*
   (क) अकर्मक क्रिया (ख) सकर्मक क्रिया (ग) प्रेरणार्थक क्रिया (घ) अन्य क्रिया

**उत्तर—** **1.** (क) **2.** (ग) **3.** (ख) **4.** (ख) **5.** (क **6.** (क)

## बोधात्मक प्रश्न

1. **क्रिया किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर बताएँ।**

   **उत्तर**—वाक्य में जिस पद से किसी कार्य के करने या होने का बोध हो, उसे क्रिया कहते हैं। जैसे—दौड़ना, उठना, बैठना, चलना आदि।

2. **कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**

   **उत्तर**—कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं—(क) अकर्मक क्रिया (ख) सकर्मक क्रिया।

3. **क्रियाओं में किसके अनुसार परिवर्तन आता रहता है ? दो उदाहरण देकर बताएँ।**

   **उत्तर**—क्रियाओं में लिंग, वचन, कारक के कारण परिवर्तन आता है।

   जैसे— चिड़िया उड़ **रही है।**

   बच्चे खेल **रहे हैं।**

4. **संरचना की दृष्टि से क्रिया के कितने भेद हैं ? सभी भेदों के नाम लिखें।**

   **उत्तर**—संरचना की दृष्टि से क्रिया के निम्नलिखित भेद हैं—(क) सामान्य क्रिया (ख) संयुक्त क्रिया (ग) नामधातु क्रिया (घ) प्रेरणार्थक क्रिया (ङ) पूर्वकालिक क्रिया।

5. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर करें:**

   (क) सभी क्रियाएँ **विकारी** होती हैं। (*विकारी, अविकारी*)

   (ख) सकर्मक क्रिया के **दो** भेद किए जाते हैं। (*दो, तीन*)

   (ग) अकर्मक क्रिया को सकर्मक क्रिया में **बदला** जा सकता है। (*बदला, नहीं बदला*)

   (घ) जिस वाक्य में एक क्रिया का प्रयोग होता है, उसे **सामान्य** क्रिया कहते हैं। (*सामान्य, संयुक्त*)

   (ङ) "मैं घर जा चुका हूँ।"—यह वाक्य **संयुक्त** क्रिया का एक उदाहरण है। (*प्रेरणार्थक, संयुक्त*)

6. **निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया पद छाँटकर उपयुक्त कॉलम में लिखिए:**

| **वाक्य** | **अकर्मक** | **सकर्मक** |
|---|---|---|
| (क) चिड़िया उड़ रही है। | उड़ी रही है | — |
| (ख) मैं केला खा रहा हूँ। | — | खा रहा हूँ |
| (ग) भालू नाचता है। | नाचता है | — |
| (घ) रेणु पुस्तक पढ़ती है। | — | पढ़ती है |
| (ङ) पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं। | — | पढ़ रहे हैं |

7. **इनसे नामधातु क्रियाएँ बनाइए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **साठ** | सठियाना | **शर्म** | शर्माना |
| **फिल्म** | फिल्माना | **हाथ** | हथियाना |
| **लाज** | लजाना | **गरम** | गरमाना |

8. **नीचे सामान्य क्रियाएँ दी जा रही हैं। इनकी मूल धातु लिखिए:**

| सामान्य क्रिया | मूल धातु | सामान्य क्रिया | मूल धातु |
|---|---|---|---|
| चढ़ना | चढ़ | उतरना | उतर |
| लिखना | लिख | हँसना | हँस |
| बोलना | बोल | पढ़ना | पढ़ |

9. **संयुक्त क्रिया को रेखांकित कीजिए:**

| | |
|---|---|
| (क) वह छत से गिर गया था। | वह छत से गिर गया था। |
| (ख) नीता खाना खा चुकी है। | नीता खाना खा चुकी है। |
| (ग) उसके घर चोरी हो गई है। | उसके घर चोरी हो गई है। |
| (घ) रवि चला गया था। | रवि चला गया था। |
| (ङ) उसे काम करना पड़ा है। | उसे काम करना पड़ा है। |

10. **रेखांकित क्रिया का भेद बताइए:**

| | भेद |
|---|---|
| (क) बच्चा हँसता है। | अकर्मक क्रिया |
| (ख) मैं दूध पी रहा हूँ। | सकर्मक क्रिया |
| (ग) वह नहाकर पढ़ेगा। | पूर्वकालिक क्रिया |
| (घ) माँ नौकर से खाना पकवाती है। | प्रेरणार्थक क्रिया |
| (ङ) मैं कल चला गया था। | संयुक्त क्रिया |

## स्वमूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र-2

### अध्याय 6 से 10 पर आधारित

1. **एक आदर्श विद्‌यार्थी में कौन-कौन से अच्छे गुण होने चाहिए? भाववाचक शब्दों का प्रयोग करते हुए एक चार्ट बनाएँ।**
   **संकेत**—शिष्टता, अनुशासन, सत्यता, कर्मठता, दृढ़ता, परिश्रम, नम्रता आदि।
   **नोट**—दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर विद्‌यार्थी स्वयं करें।
2. **द्रव्यवाचक और समुदायवाचक के रूप में संज्ञा के दो विभाजन और करने से क्या सुविधा हुई? अपने सहपाठी को समझाएँ।**
   **उत्तर**—विद्‌यार्थी स्वयं करें।
3. **पाँच ऐसी व्यक्तिवाचक संज्ञा के नाम लिखिए जिनका प्रयोग जातिवाचक संज्ञा के रूप से भी किया जा सकता है।**
   **उत्तर**—जयचंदों, हरिश्चंद्रों, नटवरलालों, विभीषणों, रावणों।
4. **पुलिस, सेना, भीड़ आदि का प्रयोग स्त्रीलिंग में क्यों होता है? अपने विचार लिखें।**
   **उत्तर**—पुलिस, सेना, भीड़ आदि का प्रयोग स्त्रीलिंग में इसलिए होता क्योंकि जब इन शब्दों को वाक्य में प्रयुक्त करते हैं तो क्रिया स्त्रीलिंग होती है।
   **जैसे**—पुलिस घटनास्थल पर पहुँची।

**5. कारक चिह्नों का चार्ट बनाकर कक्षा में चिपकाइए और यह भी समझाइए यदि वाक्य में कारक चिह्न न लगा हो तो वाक्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?**

**उत्तर**—विद्यार्थी स्वयं करें।

**6. 'मैं' से वाक्य शुरू करके चार सर्वनामों से संबंधित वाक्य बनाएँ।**

**जैसे**— *मैं हँस रहा हूँ*—पुरुषवाचक सर्वनाम

(क) मैं उसे पढ़ा रहा हूँ। (ख) मैं उसके साथ बाजार जा रहा हूँ।

(ग) मैं स्वयं ये काम करूँगा। (घ) मैं तुमसे मिलने आया था।

**7. आप अपनी दिनचर्या के अनुसार दो अकर्मक क्रिया तथा दो सकर्मक क्रिया के वाक्य बनाएँ।**

**उत्तर**—विद्यार्थी स्वयं करें।

**8. वर्ग पहेली में से इन शब्दों के साथ जुड़ने वाले विशेषण शब्द ढूँढ़कर लिखिए।**

(क) **मैला** आँचल

(ख) **मेधावी** बालक

(ग) **काला** घोड़ा

(घ) **लंबे** बाल

(ङ) **निडर** क्षत्रिय

(च) **ठंडी** हवाएँ

(छ) **ऊँचे** पर्वत

(ज) **सुखी** युवती

(झ) **पथरीला** रास्ता

(ञ) **सुगंधित** फूल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नि | ठ | मे | ज | दुः | मै |
| ड | का | धा | सु | खी | ला |
| र | ला | वी | गं | लं | क |
| ल | ऊँ | प | धि | बे | ठं |
| ब | चे | अ | त | स | डी |
| प | थ | री | ला | क | ज |

## आदर्श प्रश्नपत्र-1

### अध्याय 1 से 10 पर आधारित

**1. व्याकरण के दो लाभ बताएँ।**

**उत्तर**—व्याकरण भाषा को व्यवस्थित रूप प्रदान करता है। इसी से भाषा का मानक रूप स्थिर होता है। व्याकरण के नियमों के आधार पर ही भाषा का शुद्ध एवं मानक रूप निर्धारित होता है।

**2. लिपि और भाषा में क्या संबंध है ?**

**उत्तर**—लिपी और भाषा में गहरा संबंध है। भाषा को लिखने के लिए जिन चिह्नों की व्यवस्था की गई है, उन्हें लिपि कहते हैं। प्रत्येक भाषा की अपनी लिपि होती है। लिपि के द्वारा भाषा को लिखकर सुरक्षित रखा जा सकता है।

**3. अनुतान का उच्चारण में क्या महत्व है ? उदाहरण देकर बताइए।**

**उत्तर**—उच्चारण करते समय सुर में जो उतार-चढ़ाव होता है, उसे अनुतान कहते हैं। अनुतान से एक ही शब्द के कई अर्थ निकल सकते हैं। जैसे—

| | |
|---|---|
| अच्छा ? | प्रश्नवाचक |
| अच्छा ! | आश्चर्य |
| अच्छा ! | स्वीकारात्मक |

**4. बलाघात की परिभाषा बताइए।**

**उत्तर**—किसी शब्द या शब्दांश का उच्चारण करते समय श्वास के दबाव से जो बल दिया जाता है, उसे बलाघात कहते हैं।

**5. संगम से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण देकर बताएँ।**

**उत्तर**—पदीय सीमाओं का बोध कराने वाला संकेत ही संगम है। संगम को दिखाने के लिए "+" चिह्न का प्रयोग होता है।

उदाहरण— तुम मोहन से मिल आओ → मिल + आओ

तुम कभी मोहन से मिलाओ → मिलाओ

**6. शब्द कब पद बन जाते हैं ? शब्द का अर्थ समझाएँ।**

**उत्तर**—शब्द जब वाक्य में प्रयुक्त होता है, तब वह पद बन जाता है। शब्द भाषा की स्वतंत्र एवं अर्थवान इकाई है। निश्चित अर्थ को प्रकट करने वाले सार्थक वर्ण समूह को शब्द कहते हैं।

**7. विकारी और अविकारी शब्द से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर**—**विकारी शब्द** : ये वे शब्द हैं जिनमें लिंग, वचन, कारक, काल आदि के कारण परिवर्तन होता है। विकारी शब्द हैं—संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया।

**अविकारी शब्द** : ऐसे शब्द जिनके रूप में परिवर्तन या विकार नहीं होता, उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं। ये हैं—क्रिया-विशेषण, संबंधबोधक, समुच्चयबोधक, विस्मयादिबोधक, निपात।

**8. पर्यायवाची शब्द और अनेकार्थी शब्द में क्या अंतर है ? दो-दो उदाहरण देकर समझाएँ।**

**उत्तर**—जिन शब्दों के अर्थ में समानता हो, उन्हें पर्यायवाची शब्द कहते हैं।

जैसे— जल—पानी, नीर, सलिल

दिन—दिवस, वार, वासर

जो शब्द प्रयोग के अनुसार विभिन्न परिस्थितियों में भिन्न-भिन्न अर्थ दे, वे अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं।

जैसे— अंक—गोद, संख्या

कुल—वंश, सब

**9. संधि की परिभाषा बताते हुए उनके भेदों का संक्षिप्त परिचय दें।**

**उत्तर**—दो वर्णों के मिलने पर जो परिवर्तन अथवा विकार होता है, उसे संधि कहते हैं।

संधि के तीन भेद हैं—

(क) **स्वर संधि**—दो स्वरों के मिलने पर जो परिवर्तन या विकार होता है, उसे स्वर संधि कहते हैं। जैसे—हिम + आलय = हिमालय।

(ख) **व्यंजन संधि**—व्यंजन के बाद किसी स्वर या व्यंजन के आने पर जो विकार होता है, उसे व्यंजन कहते हैं। जैसे—सत् + जन = सज्जन।

(ग) **विसर्ग संधि**—जब विसर्ग का मेल किसी स्वर या व्यंजन के साथ होता है तब विसर्ग में होने वाला परिवर्तन विसर्ग संधि कहलाता है।
जैसे—नि: + बल = निर्बल।

**10. शब्द निर्माण की तीन प्रमुख विधियों का सोदाहरण उल्लेख करें।**

**उत्तर**—शब्द-निर्माण निम्नलिखित विधियों से किया जाता है—

(क) **उपसर्ग**—जो शब्दांश मूल शब्द के प्रारंभ में जुड़कर नए शब्दों का निर्माण करते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। जैसे—सु + पुत्र = सुपुत्र, बे + ईमान = बेईमान।

(ख) **प्रत्यय**—जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में लगकर नए शब्द बनाते हैं, उन्हें, प्रत्यय कहते हैं। जैसे—सुंदर + ता = सुंदरता, बंगाल + ई = बंगाली।

(ग) **समास**—दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से भी नए शब्द बनाए जाते हैं। शब्द-निर्माण की इस विधि को समास कहते हैं।
जैसे— घुड़सवार—घोड़े पर सवार,
आजीवन—जीवन भर

**11. समास किसे कहते हैं ? समास के कितने भेद हैं ?**

**उत्तर**—दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बने शब्द समास कहलाते हैं।
समास के छह भेद हैं—(क) अव्ययीभाव समास (ख) तत्पुरुष समास (ग) द्विगु समास (घ) द्वंद्व समास (ङ) कर्मधारय समास (च) बहुव्रीहि समास।

**12. संधि और समास में क्या अंतर है ?**

**उत्तर**—संधि दो वर्णों में होती है—महा + इंद्र = महेंद्र। समास में दो या अधिक शब्दों में मेल होता है—रसोईघर—रसोई के लिए घर।

**13. संज्ञा किसे कहते हैं ? संज्ञा के प्रमुख भेदों को लिखें।**

**उत्तर**—किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव आदि के नाम को संज्ञा कहते हैं। संज्ञा के तीन भेद हैं—(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा (2) जातिवाचक संज्ञा (3) भाववाचक संज्ञा।

**14. ऐसे चार शब्द बताएँ जो हमेशा एकवचन में प्रयुक्त होते हैं।**

**उत्तर**—वर्षा, सत्य पानी, चाय।

**15. कारक के भेदों के नाम और दो-दो उदाहरण बताएँ।**

**उत्तर**—कारक के आठ भेद हैं—

| | |
|---|---|
| (क) कर्ता कारक— | **राम ने** खाना खाया। |
| | **दिनेश ने** मुझे बुलाया। |
| (ख) कर्म कारक— | मैं **बहन को** पत्र लिखूँगा। |
| | मैंने **रोहित को** बाजार भेजा। |

(ग) करण कारण— मैं **कलम से** पत्र लिख रहा हूँ।
**राम के द्वारा** रावण मारा गया।
(घ) संप्रदान कारक— मैंने **भिखारी को** कंबल दिया।
रवि **पिता जी के लिए** दवा लाया।
(ङ) अपादान कारक— पत्ता **पेड़ से** गिरा।
गंगा **हिमालय से** निकलती है।
(च) अधिकरण कारक— घड़ी **मेज़ पर** रखी है।
फल **थैले में** हैं।
(छ) संबंध कारक— **गीता की** बहन आ रही है।
**उसका** नाम प्रशांत है।
(ज) संबोधन कारक— **अरे !** तुम कब आए ?
**बाप रे !** इतना लंबा साँप।

**16. सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।
सर्वनाम के छह भेद हैं—(क) पुरुषवाचक सर्वनाम (ख) निश्चयवाचक सर्वनाम (ग) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (घ) प्रश्नवाचक सर्वनाम (ङ) संबंधवाचक सर्वनाम (च) निजवाचक सर्वनाम।

**17. प्रविशेषण की सोदाहरण परिभाषा लिखें।**

**उत्तर**—विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द को प्रविशेषण कहते हैं।
जैसे— गीता **बहुत** सुंदर लड़की है।
यह घोड़ा **सबसे** तेज दौड़ता है।

**18. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:**

(क) भारतीय संविधान के अनुसार **बाईस** भाषाएँ मान्यता प्राप्त हैं। (*बाईस, चौबीस*)
(ख) **वर्णों** के सार्थक समूह से **शब्द** बनते हैं। (*वर्णों, शब्द*)
(ग) सबको **दीन** दुखियों की मदद करनी चाहिए। (*दीन, दिन*)
(घ) सभी स्वर **सघोष** वर्ण हैं। (*सघोष, अघोष*)
(ङ) जब दो स्वर मिलकर एक नया शब्द बनाते हैं, तो उसे **स्वर** संधि कहते हैं। (*स्वर, गुण*)
(च) जगत् + आनंद = **जगदानंद**। (*जगदानंद, जगतानंद*)
(छ) जिसे मूल शब्द से पहले जोड़ा जाता है, उसे **उपसर्ग** कहते हैं। (*उपसर्ग, प्रत्यय*)
(ज) किसी पद के नाम हमेशा **पुल्लिंग** होते हैं। (*पुल्लिंग, स्त्रीलिंग*)
(झ) विशेषण **विकारी** शब्द है। (विकारी, अविकारी)
(ञ) सकर्मक क्रिया के **दो** भेद होते हैं। (*दो, तीन*)

**19. सही वाक्य के आगे (✔) तथा गलत वाक्य के आगे (✘) का चिह्न लगाएँ:**

(क) हिंदी और पंजाबी को देवनागरी लिपि में लिखते हैं। (✘)
(ख) फ़ारसी एक विदेशी भाषा है। (✔)
(ग) अनुस्वार एक व्यंजन ध्वनि है। (✘)

(घ) 'क्' महाप्राण व्यंजन है। (✗)

(ङ) देव + ऋषि = देवर्षि — यह दीर्घ संधि का उदाहरण है। (✗)

(च) 'स्वार्थ' में 'स्व' एक प्रत्यय है। (✓)

(छ) दशानन = दस मुखों वाला → यह द्विगु और बहुव्रीहि, दोनों समास का उदाहरण हो सकता है। (✓)

(ज) संधि वर्णों का मेल है और समास शब्दों का मेल है। (✓)

(झ) आकाश का पर्यायवाची शब्द व्योम और गगन है। (✓)

(ञ) संस्कृत के ज्यादातर आकारांत शब्द स्त्रीलिंग होते हैं। (✗)

**20. मिलान करें:**

| | |
|---|---|
| 1. कर्ता कारक | (क) प्रश्नवाचक सर्वनाम |
| 2. संयुक्त क्रिया | (ख) सदा एकवचन में प्रयुक्त |
| 3. क्या खाते हो ? | (ग) द्विगु समास |
| 4. जनता | (घ) ने |
| 5. महात्मा गाँधी | (ङ) दो या दो से अधिक धातुओं का मेल |
| 6. पंचवटी | (च) व्यक्तिवाचक संज्ञा |

उत्तर— 1. (घ) 2. (ङ) 3. (क) 4. (ख) 5. (च) 6. (ग)

**21. सही विकल्प चुनें:**

1. *बलाघात से क्या तात्पर्य है ?*
   (क) एक प्रवाह में पढ़ना (ख) शब्दों के बीच ठहरना
   (ग) किसी खास शब्द या वर्ण पर बल देना
   (घ) सभी उपरोक्त
2. *संधि किसे कहते हैं ?*
   (क) शब्दों के मेल को (ख) वर्णों के मेल को
   (ग) भाषा के मेल को (घ) लिपियों के मेल को
3. *यश: + अभिलाषी = ?*
   (क) यशोभिलाषी (ख) यशभिलाषि
   (ग) यशअभिलाषी (घ) यशोअभिलाषी
4. *हिंदी में कितने प्रकार के उपसर्ग प्रचलित हैं ?*
   (क) संस्कृत के (ख) उर्दू के (ग) अंग्रेज़ी के (घ) उपरोक्त सभी
5. *निम्नलिखित में कौन तत्पुरुष समास का भेद नहीं है ?*
   (क) कर्मधारय (ख) करण (ग) संप्रदान (घ) संबंध
6. *एक जैसा अर्थ देने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?*
   (क) एकार्थी (ख) अनेकार्थी (ग) पर्यायवाची (घ) तीनों
7. *किस शब्द का अर्थ 'साँप' नहीं होता है ?*
   (क) भुजंग (ख) व्याल (ग) विषधर (घ) हिरण्य
8. *निम्नलिखित में से कौन पुरुषवाचक सर्वनाम का भेद है ?*
   (क) उत्तम (ख) मध्यम (ग) अन्य (घ) उपरोक्त सभी
9. *विशेषण के कितने भेद माने जाते हैं ?*
   (क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ) पाँच

## पाठ-12 वाच्य

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें:**

1. *वाच्य के कितने भेद हैं ?*
   (क) चार (ख) तीन (ग) दो (घ) पाँच
2. *वाच्य के किस भेद में कर्म की प्रधानता होती है ?*
   (क) कर्तृवाच्य (ख) भाववाच्य
   (ग) कर्मवाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं
3. *धोबी हमारे कपड़े धोता है। — कौन-सा वाच्य है ?*
   (क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) अन्य
4. *राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार बाँटे गए। — कौन-सा वाच्य भेद है ?*
   (क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) अन्य
5. *मुझसे अब पढ़ा नहीं जाता। — कौन-सा वाच्य भेद है ?*
   (क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य (घ) अन्य
6. *मैं राकेश को पत्र लिखूँगा। — कौन-सा वाच्य भेद है ?*
   (क) कर्मवाच्य (ख) भाववाच्य (ग) कर्तृवाच्य (घ) अन्य

**उत्तर— 1.** (ख) **2.** (ग) **3.** (क) **4.** (ख) **5.** (ग) **6.** (ग)

**बोधात्मक प्रश्न**

1. **वाच्य से आप क्या समझते हैं ?**
   **उत्तर**—वाच्य उस रूप रचना को कहते हैं, जिससे यह पता चलता है कि क्रिया को मूल रूप से चलाने वाला कर्ता है, कर्म है या कोई अन्य घटक।
2. **वाच्य के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखिए।**
   **उत्तर**—वाच्य के तीन भेद हैं—(क) कर्तृवाच्य (ख) कर्मवाच्य (ग) भाववाच्य।
3. **कर्तृवाच्य किसे कहते हैं ? एक उदाहरण दें।**
   **उत्तर**—जिस वाक्य में क्रिया को करने वाले कर्ता की प्रधानता हो तथा क्रिया उसी के अनुसार चले, वह कर्तृवाच्य कहलाता है। जैसे—रमेश पढ़ रहा है।

**4. भाववाच्य किसे कहते हैं ? एक उदाहरण दें।**

**उत्तर**—जिस वाक्य की क्रिया का संबंध कर्ता और कर्म से न होकर भाव से होता है, उसे भाववाच्य कहते हैं। जैसे—मुझसे चला नहीं जाता।

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर करें:**

(क) कर्मवाच्य में आमतौर पर क्रिया को करने वाले व्यक्ति का संकेत आवश्यक **नहीं होता**। *(होता, नहीं होता)*

(ख) भाववाच्य केवल **अकर्मक** क्रियाओं के साथ ही संभव है। *(सकर्मक, अकर्मक)*

(ग) भाववाच्य में प्राय: **असमर्थता** का भाव रहता है। *(असमर्थता, सामर्थ्य)*

(घ) भाववाच्य की क्रिया सदा अन्य पुरुष, **पुल्लिंग,** एकवचन में होती है। *(पुल्लिंग, स्त्रीलिंग)*

**6. निर्देशानुसार वाच्य बदलिए:**

(क) **राकेश पुस्तक पढ़ रहा है।** *(कर्मवाच्य में)*
राकेश द्वारा पुस्तक पढ़ी जा रही है।

(ख) **माली द्वारा पौधा लगाया गया।** *(कर्तृवाच्य में)*
माली ने पौधा लगाया।

(ग) **मैं चुप नहीं बैठ सकता।** *(भाववाच्य में)*
मुझसे चुप नहीं बैठा जाता।

(घ) **मुझसे हँसा नहीं जाता।** *(कर्तृवाच्य में)*
मैं हँस नहीं सकता।

(ङ) **तुम अखबार पढ़ते हो।** *(कर्मवाच्य में)*
तुम्हारे द्वारा अखबार पढ़ा जाता है।

**7. इन वाक्यों का वाच्य बताइए:**

| **वाक्य** | **वाच्य** |
|---|---|
| (क) मुझसे गलती हो गई। | कर्मवाच्य |
| (ख) राम अभी नहीं सोया है। | कर्तृवाच्य |
| (ग) मजदूरों ने एक साल में यह पुल तैयार किया। | कर्तृवाच्य |
| (घ) बच्चों से गिलास टूट गया। | कर्मवाच्य |
| (ङ) मुझसे बैठा नहीं जाता। | भाववाच्य |

**8. निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए:**

| **वाक्य** | **कर्मवाच्य** |
|---|---|
| (क) आकाश पत्र लिख रहा है। | आकाश द्वारा पत्र लिखा जा रहा है। |
| (ख) बालक सेब खाता है। | बालक से सेब खाया जाता है। |
| (ग) हुसैन ने चित्र बनाया। | हुसैन द्वारा चित्र बनाया गया। |
| (घ) मैं दवा खाता हूँ। | मेरे द्वारा दवा खाई जाती है। |
| (ङ) दर्जी कपड़े सिलता है। | दर्जी द्वारा कपड़े सिले जाते हैं। |

9. **नीचे लिखे वाक्यों में सही वाक्य के सामने (✔) तथा गलत वाक्य के सामने (✘) का चिह्न लगाइए:**

| | | |
|---|---|---|
| (क) खिलाड़ी खेलते हैं। | (*कर्तृवाच्य*) | (✔) |
| (ख) क्या आपके द्वारा खाना बनाया जाएगा ? | (*कर्मवाच्य*) | (✔) |
| (ग) राधा द्वारा नृत्य किया गया। | (*कर्तृवाच्य*) | (✘) |
| (घ) मुझसे बारीक अक्षर पढ़े नहीं जाते। | (*भाववाच्य*) | (✔) |
| (ङ) क्या मुझे पुरस्कार मिलेगा ? | (*कर्तृवाच्य*) | (✔) |

## पाठ-13 अव्यय या अविकारी शब्द

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें:**

1. *कम खाओ। — रेखांकित कौन-सा अव्यय है ?*
   (क) क्रिया विशेषण (ख) संबंधबोधक
   (ग) समुच्चयबोधक (घ) विस्मयादिबोधक
2. *रवि ऊपर बैठा है। — रेखांकित शब्द किस क्रिया विशेषण का भेद है ?*
   (क) रीतिवाचक (ख) कालवाचक (ग) स्थानवाचक (घ) परिमाणवाचक
3. *वह तेज दौड़ता है। — रेखांकित शब्द किस क्रिया विशेषण का भेद है ?*
   (क) रीतिवाचक (ख) परिमाणवाचक (ग) कालवाचक (घ) स्थानवाचक
4. *कोठी के पीछे पेड़ है। — रेखांकित शब्द किस अव्यय का भेद है ?*
   (क) क्रिया विशेषण (ख) संबंधबोधक
   (ग) समुच्चयबोधक (घ) विस्मयादिबोधक
5. *तुम भी चलोगे। — रेखांकित शब्द कौन-सा अव्यय है ?*
   (क) निपात (ख) समुच्चयबोधक (ग) संबंधबोधक (घ) अन्य
6. *अरे ! तुम कब आए ? — रेखांकित शब्द कौन-सा अव्यय है ?*
   (क) संबंधबोधक (ख) समुच्चयबोधक (ग) विस्मयादिबोधक (घ) निपात
7. *राम और श्याम चले गए। — रेखांकित शब्द क्या है ?*
   (क) समुच्चयबोधक (ख) संबंधबोधक (ग) क्रिया विशेषण (घ) निपात

उत्तर— **1.** (क) **2.** (ग) **3.** (क) **4.** (ख) **5.** (क)
**6.** (ग) **7.** (क)

**बोधात्मक प्रश्न**

1. **अव्यय किसे कहते हैं ? दो उदाहरण देकर बताएँ।**
   **उत्तर**—जिन शब्दों का रूप नहीं बदलता अर्थात् जिनमें लिंग, वचन, कारक, काल

आदि के कारण कोई विकार या परिवर्तन नहीं होता, उन्हें अव्यय कहते हैं।

जैसे— ● वह **तेज** दौड़ता है।
● मेरे घर **के सामने** मंदिर है।

**2. अव्यय के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखिए।**

**उत्तर**—अव्यय के पाँच भेद हैं—(क) क्रिया विशेषण (ख) संबंधबोधक (ग) समुच्चयबोधक (घ) विस्मयादिबोधक (ङ) निपात।

**3. क्रिया विशेषण किसे कहते हैं ? दो उदाहरण देकर बताएँ।**

**उत्तर**—जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्रिया विशेषण कहते हैं।

जैसे— ● पिताजी **बाहर** घूम रहे हैं।
● वह **जोर-जोर** से चिल्ला रहा है।

**4. क्रिया विशेषण के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—क्रिया विशेषण के चार भेद हैं—

(क) रीतिवाचक (ख) स्थानवाचक (ग) कालवाचक (घ) परिमाणवाचक।

**5. विशेषण और क्रिया विशेषण में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित लिखें।**

**उत्तर**—विशेषण संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं।

जैसे—सुमन ने **लाल** साड़ी पहनी है।

क्रिया विशेषण क्रिया की विशेषता बताते हैं।

जैसे—हम **कल** आगरा जाएँगे।

**6. संबंधबोधक अव्यय के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—संबंधबोधक अव्यय के सात भेद हैं—

(क) काल सूचक (ख) स्थान सूचक (ग) दिशा सूचक (घ) साधन सूचक (ङ) विरोध सूचक (च) संबंध सूचक (छ) समानता सूचक

**7. निपात से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण देकर बताएँ।**

**उत्तर**—जो अव्यय वाक्य के किसी शब्द के बाद लगकर उसे विशेष बल प्रदान करते हैं, उन्हें निपात कहते हैं।

जैसे— रवि ने मुझे **भी** बुलाया है।
गणेश **ही** आया है।

**8. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण को रेखांकित कीजिए तथा उसका भेद लिखिए:**

| **वाक्य** | **भेद** |
|---|---|
| (क) खुब दूध पिया करो। | परिमाणवाचक क्रिया विशेषण |
| (ख) पिताजी दिल्ली से कल आएँगे। | कालवाचक क्रिया विशेषण |
| (ग) घोड़ा तेज दौड़ता है। | रीतिवाचक क्रिया विशेषण |
| (घ) मेरा रूमाल नीचे गिर गया। | स्थानवाचक क्रिया विशेषण |
| (ङ) माता जी प्रतिदिन मंदिर जाती हैं। | कालवाचक क्रिया विशेषण |

**9. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति निर्देशानुसार कीजिए:**

(क) कठिन परिश्रम **के बिना** सफलता नहीं मिलती। (*संबंधबोधक अव्यय से*)

(ख) निवेदिता **तेज** दौड़ती है। *(क्रिया विशेषण से)*

(ग) नहा-धो लो **और** खाना खा लो। *(समुच्चयबोधक अव्यय)*

(घ) **अरे !** तुमने तो कमाल कर दिया। *(विस्मयादिबोधक अव्यय)*

(ङ) मैं **भी** तुम्हारे साथ चलूँगा। *(निपात से)*

**10. अव्यय छाँटिए:**

| | अव्यय |
|---|---|
| (क) मैं उसे भली भाँति जानता हूँ। | भली भाँति |
| (ख) सुरेश अचानक आ गया। | अचानक |
| (ग) वह धीरे-धीरे खा रहा है। | धीरे-धीरे |
| (घ) पहला प्रश्न करो अथवा दूसरा। | अथवा |
| (ङ) यह काम रवि ने ही किया है। | ही |

**11. इन संबंधबोधक अव्यय का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:**

| अव्यय | वाक्य |
|---|---|
| के भीतर | कमरे **के भीतर** कौन है ? |
| के बिना | मेहनत **के बिना** कोई काम पूरा नहीं होता। |
| के निकट | मेरे घर **के निकट** एक स्कूल है। |
| के साथ | पढ़ाई **के साथ** नौकरी भी करो। |
| के पीछे | मंदिर **के पीछे** पेड़ है। |

**12. निम्नलिखित वाक्यों में समुच्चयबोधक अव्ययों को रेखांकित कीजिए:**

(क) शशि बीमार है इसलिए स्कूल नहीं जा सकी।

(ख) खाना कमला खाएगी या विमला ?

(ग) गोयल आया था किंतु मैं घर पर नहीं था।

(घ) मुझे काम करने दो अन्यथा मैं शिकायत कर दूँगा।

(ङ) मन लगाकर पढ़ो ताकि प्रथम आ सको।

**13. सही (✔) या गलत (✘) का चिह्न लगाओ:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) शाबास ! | — | उल्लास बोधक | (✘) |
| (ख) छिः छिः | — | शोक बोधक | (✘) |
| (ग) अच्छा ! | — | स्वीकृति बोधक | (✔) |
| (घ) ओह ! | — | घृणा बोधक | (✘) |
| (ङ) अरे ! | — | विस्मय बोधक | (✔) |

**14. निम्नलिखित निपातों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए:**

| निपात | वाक्य |
|---|---|
| ही | मैं कल **ही** आऊँगा। |
| भी | राकेश **भी** घूमने जाएगा। |
| भर | वह तो देखने **भर** आया था। |
| तो | हम **तो** सिर्फ मिलने आए थे। |

## पाठ-14 वाक्य-व्यवस्था

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें :**

1. *रचना की दृष्टि से इनमें से कौन-सा वाक्य भेद नहीं है ?*
   (क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
   (ग) प्रश्नवाचक वाक्य (घ) मिश्र वाक्य
2. *अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं ?*
   (क) छह (ख) आठ (ग) पाँच (घ) चार
3. *जिस वाक्य में किसी कार्य के होने या करने का बोध हो, उसे क्या कहते हैं ?*
   (क) निषेधवाचक वाक्य (ख) इच्छा बोधक वाक्य
   (ग) शर्त बोधक वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य
4. *मेरा मित्र सचिन पढ़ रहा है। — वाक्य में उद्देश्य कौन-सा है ?*
   (क) मेरा मित्र (ख) सचिन (ग) मेरा मित्र सचिन (घ) पढ़ रहा है
5. *कक्षा के छात्रों ने मोहन को अपना मॉनीटर बनाया।*
   *— वाक्य में विधेय कौन-सा है ?*
   (क) कक्षा के छात्रों ने (ख) मोहन को
   (ग) मोहन को अपना मॉनीटर बनाया (घ) मॉनीटर बनाया
6. *निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य चुनिए—*
   (क) माँ अखबार पढ़ चुकी है।
   (ख) नीलम खाना खा चुकी, अब निशा खाएगी।
   (ग) आगरा में एक ताजमहल है जो सफेद रंग का है।
   (घ) जब तक दिनेश घर पहुँचा उसके मामा जी जा चुके थे।
7. *परीक्षा समाप्त हुई। छात्र घर चले गए। — का एक सरल वाक्य क्या बनेगा ?*
   (क) परीक्षा समाप्त हो गई, छात्र घर चले गए।
   (ख) परीक्षा समाप्त हो गई और छात्र घर चले गए।
   (ग) परीक्षा समाप्त होने पर छात्र घर चले गए।
   (घ) अन्य
8. *सरदार पटेल एक लोकप्रिय नेता थे। — वाक्य में उद्देश्य क्या है ?*
   (क) सरदार पटेल (ख) लोकप्रिय (ग) एक लोकप्रिय (घ) नेता थे

उत्तर— 1. (ग) 2. (ख) 3. (घ) 4. (ग) 5. (घ)
6. (क) 7. (ग) 8. (क)

## बोधात्मक प्रश्न

1. **वाक्य किसे कहते हैं ?**

   **उत्तर**—वाक्य पदों का वह व्यवस्थित समूह है जिसमें पूर्ण अर्थ देने का सामर्थ्य होता है।

2. **वाक्य के कितने अंग हैं ? अंगों के नाम लिखिए।**

   **उत्तर**—वाक्य के दो अंग हैं—(क) उद्‌देश्य (ख) विधेय।

3. **पदक्रम से आप क्या समझते हैं ?**

   **उत्तर**—पदक्रम से अभिप्राय है वाक्य में पदों का सही क्रम में होना। क्रम भंग होने पर अर्थ भिन्न हो जाता है। वाक्य रचना में कर्ता, कर्म, क्रिया के क्रम पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

4. **रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ? सभी भेदों के नाम लिखें।**

   **उत्तर**—रचना के आधार पर वाक्य के तीन भेद हैं—(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्र वाक्य।

5. **अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ? सभी भेदों के नाम लिखें।**

   **उत्तर**—अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद हैं—

   (क) विधानवाचक वाक्य (ख) निषेधवाचक वाक्य (ग) आज्ञावाचक वाक्य
   (घ) प्रश्नवाचक वाक्य (ङ) विस्मयादिबोधक वाक्य (च) इच्छाबोधक वाक्य
   (छ) संदेहबोधक वाक्य (ज) शर्तबोधक वाक्य

6. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर करें:**

   (क) वाक्य में जिसके बारे में कुछ कहा जाए वह **उद्‌देश्य** होता है। *(उद्‌देश्य, विधेय)*

   (ख) वाक्य में कर्म कर्ता और क्रिया के **बीच** में आता है। *(बीच, अंत)*

   (ग) आश्रित उपवाक्य **तीन** प्रकार के होते हैं। *(तीन, चार)*

   (घ) संबोधन और विस्मयादिबोधक प्राय: वाक्य के **अंत** में आते हैं। *(अंत, प्रारंभ)*

   (ङ) जो उपवाक्य कर्म अथवा पूरक का काम करे वह **संज्ञा** उपवाक्य कहलाता है। *(संज्ञा, विशेषण)*

7. **इन वाक्यों से उद्‌देश्य और विधेय अलग-अलग करके लिखिए:**

| वाक्य | उद्‌देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| (क) गीत गाने वाली छात्रा मेरी बहन है। | गीत गाने वाली छात्रा | मेरी बहन है |
| (ख) बेईमान अधिकारी पकड़ा जाएगा। | बेईमान अधिकारी | पकड़ा गया |
| (ग) मेरा भाई सोहन स्कूल जाता है। | मेरा भाई सोहन | स्कूल जाता है |
| (घ) गंगा एक पवित्र नदी है। | गंगा | एक पवित्र नदी है |
| (ङ) रवि की बहन पुस्तकालय गई है। | रवि की बहन | पुस्तकालय गई है |
| (च) मेरा दोस्त कैलाश बीमार है। | मेरा दोस्त कैलाश | बीमार है |

**8. रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद बताइए:**

| | |
|---|---|
| (क) मैं कल आगरा जा रहा हूँ। | सरल वाक्य |
| (ख) श्याम आएगा और मैं चला जाऊँगा। | संयुक्त वाक्य |
| (ग) शिक्षक ने कहा कि मैं नहीं पढ़ाऊँगा। | मिश्र वाक्य |
| (घ) जो व्यक्ति बाहर खड़ा है, उसे बुलाओ। | मिश्र वाक्य |
| (ङ) आप चाय लेंगे या कॉफी पिएँगे ? | संयुक्त वाक्य |

**9. निर्देशानुसार वाक्य बदलकर लिखिए:**

(क) **सुरेश ने पत्र लिखा।** (*निषेधवाचक में*)
सुरेश ने पत्र नहीं लिखा।

(ख) **महेंद्र ने निशाना लगाया और गोल कर दिया।** (*सरल वाक्य में*)
महेंद्र ने निशाना लगाकर गोल कर दिया।

(ग) **प्रेमा ऐसे गाती है मानो लता मंगेशकर हो।** (*सरल वाक्य में*)
प्रेमा लता मंगेशकर की तरह गाती है।

(घ) **विवेक दिल्ली आएगा तो विनोद उसे अवश्य मिलेगा।** (*मिश्र वाक्य में*)
यदि विवेक दिल्ली आएगा तो विनोद उसे अवश्य मिलेगा।

(ङ) **अनिल पुस्तक पढ़ेगा।** (*प्रश्नवाचक वाक्य में*)
क्या अनिल पुस्तक पढ़ेगा ?

(च) **विवेक बाजार जाएगा।** (*आज्ञावाचक वाक्य में*)
विवेक बाजार जाओ।

**10. रेखांकित आश्रित उपवाक्य का भेद बताओ:**

| | **भेद** |
|---|---|
| (क) मैं जानता हूँ कि <u>तुम काम नहीं करोगे</u>। | संज्ञा उपवाक्य |
| (ख) <u>जब-जब वर्षा हुई</u> फसल अच्छी हुई। | क्रिया विशेषण उपवाक्य |
| (ग) <u>जिसने गिलास तोड़ा है</u>, वह खड़ा हो जाए। | विशेषण उपवाक्य |

## पाठ-15 पद-परिचय

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें :**

1. *<u>लाल</u> साड़ी पहनो। — रेखांकित पद व्याकरण में क्या है ?*
(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण (घ) क्रिया विशेषण

2. *<u>वह</u> कल जाएगा। — रेखांकित पद का सही परिचय क्या है ?*
(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग

(ख) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम (अन्य पुरुष), एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(घ) सार्वनामिक विशेषण

3. *गोपी आम खाता है। — रेखांकित पद का सही परिचय क्या है ?*

(क) सकर्मक क्रिया ('आम' कर्म), एकवचन, पुल्लिंग, वर्तमान काल

(ख) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग

(ग) क्रिया विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग

(घ) अन्य

4. *वाह ! कितने सुंदर फूल खिले हैं। — रेखांकित पद क्या है ?*

(क) क्रिया विशेषण (ख) विस्मयादिबोधक अव्यय

**उत्तर**— 1. (ग) 2. (ग) 3. (क) 4. (ख)

## बोधात्मक प्रश्न

1. **पद परिचय से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण देकर बताएँ।**

**उत्तर**—वाक्य में प्रयुक्त पदों का व्याकरणिक परिचय देना ही पद-परिचय कहलाता है। जैसे— **वह** पढ़ रहा है।

**वह**—पुरुषवाचक सर्वनाम, अन्य पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक।

2. **पद परिचय बताने के लिए किन-किन बातों का परिचय देना आवश्यक है ?**

**उत्तर**—पद-परिचय बताने के लिए पद का भेद, उपभेद, उसके लिंग, वचन, कारक आदि का परिचय देना आवश्यक है।

3. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का व्याकरणिक परिचय दीजिए:**

(क) भूषण वीर रस के कवि थे।

व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(ख) सीता पुस्तक पढ़ती है।

जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक

(ग) मैं आठवीं कक्षा में पढ़ता हूँ।

पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक ('पढ़ता हूँ' क्रिया का कर्ता)

(घ) रवि ने काला कोट पहना है।

गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन ('कोट' विशेष्य)

(ङ) राधा धीरे-धीरे चलती है।

अव्यय, रीतिवाचक, क्रिया-विशेषण, ('चलती है' क्रिया की विशेषता)

(च) भारत महान देश है।

व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक।

(छ) वह दूध पीता है।

सकर्मक क्रिया ('दूध' कर्म), पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल।

# स्वमूल्यांकन के लिए प्रश्नपत्र-3

## अध्याय 11 से 15 पर आधारित

**1. काल को व्याकरण के नियमों के अतिरिक्त और किस प्रकार बाँटा जा सकता है? दो उदाहरण दें।**

**उत्तर**—काल को व्याकरण के नियमों के अतिरिक्त पौराणिक और ऐतिहासिक आधार पर बाँटा जा सकता है। पौराणिक के अनुसार काल को सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग में बाँटा जाता है। ऐतिहासिक के अनुसार काल को तीन भागों में बाँटा गया है—(क) आदि काल (ख) मध्य काल (ग) आधुनिक काल।

**2. दिन-रात के समय को प्रहर में भी विभाजित किया जाता है। आप बताएँ कि कितने प्रहरों में दिन-रात का विभाजन होता है?**

**उत्तर**—दिन-रात के समय को आठ प्रहर में बाँटा गया है—

दिन के चार प्रहर—(क) पूर्वाह (ख) मध्यान्ह (ग) अपरान्ह (घ) सायंकाल।

रात के चार प्रहर—(क) प्रदोष (ख) निशिथ (ग) त्रियामा (घ) उषा।

**3. कर्मवाच्य के ऐसे चार वाक्य बनाएँ जिनका प्रयोग कार्यालय के काम-काज में किया जाता है।**

**उत्तर**—(क) कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में काम किया जाता है।

(ख) कर्मचारी द्वारा कार्यालय की फाइल संभालकर रखी जाती है।

(ग) सफाई कर्मचारी द्वारा कार्यालय की सफाई की जाती है।

(घ) कर्मचारियों द्वारा कार्यालय के कामकाज में एक-दूसरे की सहायता की जाती है।

**4. निम्नलिखित वाक्य का पद-परिचय अपने मित्र को समझाएँ:**

बच्चे मैदान में खेलते रहते हैं।

| | |
|---|---|
| **बच्चे** | जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक। |
| **मैदान में** | जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, अधिकरण कारक ('खेलते रहते हैं' क्रिया से संबंध) |
| **खेलते** | अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, वर्तमान काल। |
| **रहते हैं** | अकर्मक क्रिया, सहायक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, वर्तमान काल। |

**5. निम्नलिखित वाक्यों के उद्‌देश्य और विधेय बताएँ।**

| **वाक्य** | **उद्‌देश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| (क) सीता खाती है | सीता | खाती है |
| (ख) मोहन कश्मीर जाता है | मोहन | कश्मीर जाता है |
| (ग) रानी फुटबॉल खेलती है | रानी | फुटबॉल खेलती है |
| (घ) सड़ा फल मत खाओ | सड़ा फल | मत खाओ |
| (ङ) माता-पिता की आज्ञा माननी चाहिए | माता-पिता | की आज्ञा माननी चाहिए |

6. **उचित मिलान करें:**

| | |
|---|---|
| (क) सामान्य भूत | (*i*) विस्मयादिबोधक |
| (ख) मंद-मंद | (*ii*) निपात |
| (ग) बाप रे ! | (*iii*) वाक्य का अंग |
| (घ) के सामने | (*iv*) क्रिया विशेषण |
| (ङ) ही, भी, तक | (*v*) भूतकाल का भेद |
| (च) विधेय | (*vi*) संबंधबोधक अव्यय |

**उत्तर— (क)** (*v*) **(ख)** (*iv*) **(ग)** (*i*) **(घ)** (*vi*)
**(ङ)** (*ii*) **(च)** (*iii*)

## पाठ-16 पदबंध

### अभ्यास

### बहुवैकल्पिक प्रश्न

**सही विकल्प चुनें:**

1. *कभी असत्य न बोलने वाले व्यक्ति देश के गौरव होते हैं। — रेखांकित पदबंध है*
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध
   (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध
2. *अपने घर से भागे हुए तुम कहाँ घूम रहे हो ? — रेखांकित पदबंध है*
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध
3. *बालक पढ़ते-पढ़ते सो गया। — रेखांकित पदबंध है*
   (क) क्रिया पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध
   (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध
4. *वह धीरे-धीरे सुबकते हुए कहने लगी। — रेखांकित पदबंध है*
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध
   (ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध
5. *गीता ने बहुत गहरी नीली साड़ी पहन रखी है। — रेखांकित पदबंध है*
   (क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

**उत्तर— 1.** (क) **2.** (ग) **3.** (क) **4.** (ग) **5.** (ख)

### बोधात्मक प्रश्न

1. **पदबंध किसे कहते हैं? उदाहरण देकर समझाइए।**
   **उत्तर**—कई पदों से बना वाक्यांश, जो एक ही पद का काम करता है, पदबंध कहलाता है। जैसे—**बहुत गहरी काली** कमीज पहनो।

2. **पदबंध के कितने भेद हैं ? सभी भेदों के नाम लिखें।**

**उत्तर**—पदबंध के पाँच भेद हैं—(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध (ङ) क्रिया विशेषण पदबंध।

3. **विशेषण पदबंध किसे कहते हैं ? एक उदाहरण दें।**

इस पदबंध के शीर्ष में या अंतिम पद विशेषण होता है, अन्य पद उसी पर आश्रित होते हैं। जैसे—**घर के कोने में बैठा हुआ** आदमी जासूस है।

4. **क्रिया विशेषण पदबंध किसे कहते हैं ? एक उदाहरण दें।**

**उत्तर**—जब कई पदों के योग से ऐसा पदबंध बनता है जो क्रिया की विशेषता बताने का काम करता है तब उसे क्रिया विशेषण पदबंध कहते हैं।

जैसे—उसने साँप को **पीट-पीट** कर मारा।

5. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर करें।**

(क) पदबंध में **एक से अधिक** पद होते हैं। *(एक, एक से अधिक)*

(ख) पदबंध के सभी पद परस्पर **बँधे** होते हैं। *(बँधे, स्वतंत्र)*

(ग) प्रत्येक पदबंध में **एक** मुख्य शीर्ष पद होता है। *(एक, दो)*

(घ) **संज्ञा पदबंध** में शीर्ष पद संज्ञा होता है। *(संज्ञा पदबंध, सर्वनाम पदबंध)*

6. **निम्नलिखित वाक्यों में से पदबंध छाँटिए और भेद का नाम भी बताइए :**

| वाक्य | पदबंध | भेद |
|---|---|---|
| (क) मेरा कोलकाता वाला मित्र आ रहा है। | मेरा कोलकाता वाला मित्र | संज्ञा पदबंध |
| (ख) घना छायादार हरा-भरा वृक्ष टूट गया। | घना छायादार हरा-भरा | विशेषण पदबंध |
| (ग) जोर-जोर से चिल्लाने वाले तुम कौन हो ? | जोर-जोर से चिल्लाने वाले तुम | सर्वनाम पदबंध |
| (घ) नाव पानी में डूबती चली गई। | डूबती चली गई | क्रिया पदबंध |
| (ङ) कुछ लोग धीरे-धीरे बातें करते जा रहे थे। | धीरे-धीरे | क्रिया विशेषण पदबंध |

7. **रेखांकित पदबंध का नाम बताइए।**

(क) <u>रात-दिन पढ़ाई करने वाला</u> राम पिछड़ गया। विशेषण पदबंध

(ख) <u>कोठी के पीछे लगा पेड़</u> गिर गया। संज्ञा पदबंध

(ग) <u>बाहर से आए अतिथियों में कुछ</u> आगरा जाएँगे। सर्वनाम पदबंध

(घ) <u>आपके मित्रों में से कोई</u> नहीं पहुँचा। सर्वनाम पदबंध

(ङ) पत्थर पानी में <u>डूबते चले जा रहे थे।</u> क्रिया पदबंध

## पाठ-19 अलंकार

### अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्न**

**सही विकल्प चुनें:**

1. *जिंदगी जो सिर्फ पानी-सी बही।*

   (क) अनुप्रास (ख) उपमा (ग) यमक (घ) श्लेष

2. *'मैं तो मात्र मृत्तिका हूँ'*

   (क) अनुप्रास (ख) यमक (ग) श्लेष (घ) उपमा

3. *'संध्या-सुंदरी' उतरी।*

   (क) यमक (ख) श्लेष (ग) रूपक (घ) उपमा

4. *काली घटा का घमंड घटा।*

   (क) अनुप्रास (ख) यमक (ग) श्लेष (घ) रूपक

5. *बाँधा था विधु को किसने इन काली जंजीरों से।*
*मणि वाले फणियों का मुख क्यों भरा हुआ हीरों से—*
(क) वक्रोक्ति (ख) अतिशयोक्ति (ग) रूपक (घ) यमक
6. *जान पड़ता नेत्र देख बड़े-बड़े*
*हीरकों में गोल नीलम हैं जड़े।*
(क) उत्प्रेक्षा (ख) उपमा (ग) अनुप्रास (घ) अतिशयोक्ति
7. *जब आप पिता के वचन पाल सकते हैं।*
*तब माँ की आज्ञा भरत टाल सकते हैं ?*
(क) श्लेष (ख) रूपक (ग) वक्रोक्ति (घ) यमक

उत्तर— **1.** (ख) **2.** (क) **3.** (ग) **4.** (ख) **5.** (क)
**6.** (घ) **7.** (ग)

## बोधात्मक प्रश्न

**1. अलंकार से आप क्या समझते हैं ?**
उत्तर—काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्मों को अलंकार कहते हैं।

**2. अलंकार के कितने भेद हैं ? भेदों के नाम लिखें।**
उत्तर—अलंकार के दो भेद हैं—(क) शब्दालंकार (ख) अर्थालंकार।

**3. अनुप्रास अलंकार किसे कहते हैं ? दो उदाहरण देकर समझाएँ।**
उत्तर—अनुप्रास का अर्थ है—किसी वस्तु को अनुक्रम में रखना। जहाँ किसी वर्ण की आवृत्ति एक से अधिक बार होती है, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। जैसे—
(क) विमल वाणी ने वीणा ली। (*'व' वर्ण की आवृत्ति*)
(ख) चारु चंद्र की चंचल किरणें। (*'च' वर्ण की आवृत्ति*)

**4. यमक अलंकार किसे कहते हैं ? दो उदाहरण देकर समझाएँ।**
उत्तर—कविता में जहाँ एक ही शब्द एक से अधिक बार आए और हर बार उसके अर्थ में भिन्नता हो, वहाँ यमक अलंकार होता है। जैसे—
(क) काली घटा का घमंड घटा। (घटा—बादलों की घटा) (घटा—कम हुआ)
(ख) कनक-कनक तै सौ गुनी मादकता अधिकाय। (कनक—सोना) (कनक—धतूरा)

**5. छंद का अर्थ क्या है ? इसके कितने भेद हैं ?**
उत्तर—'छंद' शब्द 'चद्' धातु से बना है जिसका अर्थ होता है आह्लादित करना। अर्थात् वह रचना-विधान जिससे आनंद उत्पन्न हो। छंद के दो भेद हैं—(क) वर्णिक छंद (ख) मात्रिक छंद।

**6. निम्नलिखित अलंकारों का एक-एक उदाहरण दीजिए:**

| अलंकार | उदाहरण |
|---|---|
| (क) अनुप्रास | कितनी करुणा कितने संदेश। |
| (ख) यमक | काली घटा का घमंड घटा। |
| (ग) श्लेष | मधुबन की छाती को देखो,<br>सूखी कितनी इसकी कलियाँ। |

| | |
|---|---|
| (घ) उपमा | मखमल के झूल पड़े हाथी-सा टीला। |
| (ङ) रूपक | चरण-कमल बदौं हरिराई। |
| (च) वक्रोक्ति | मैं सुकमारि नाथ बन जोगू।<br>तुमहिं उचित तप मो कहँ भोगू। |
| (छ) उत्प्रेक्षा | बहुत काली सिल जरा-से लाल केसर से कि जैसे धुल गई हो। |
| (ज) अतिशयोक्ति | हनुमान की पूंछ में, लगन न पाई आग।<br>लंका सिगरी जल गई, गए निशाचर भाग। |

**7. निम्नलिखित पंक्तियों में आए अलंकारों के नाम बताइए:**

| | **अलंकार** |
|---|---|
| (क) मैया मैं तो चंद्र-खिलौना लैहों। | रूपक अलंकार |
| (ख) तट तमाल तरुवर बहु छाए। | अनुप्रास अलंकार |
| (ग) समय शिला-सा जम जाएगा। | उपमा अलंकार |
| (घ) कितनी करुणा कितने संदेश। | अनुप्रास अलंकार |
| (ङ) रति-रति सोभा सब रति के शरीर की। | यमक अलंकार |
| (च) मानत जोगी जोग को, मोही न जोग सनेह। | वक्रोक्ति अलंकार |
| (छ) खिला हो ज्यों बिजली का फूल, मेघवन बीच गुलाबी रंग। | उत्प्रेक्षा अलंकार |
| (ज) अद्‌भुत एक अनुपम बाग।<br>जुगल कमल पर गजवर क्रीड़त, तापर सिंह करत अनुराग। | उत्प्रेक्षा अलंकार |

**8. रेखांकित अंश में अलंकार बताओ:**

| | **अलंकार** |
|---|---|
| (क) <u>सोभा-सिंधु</u> न अंत रही री। | अनुप्रास अलंकार |
| (ख) <u>बहुरि बदन बिधु</u> अंचल ढाँकी। | अनुप्रास अलंकार |
| (ग) <u>निपट निरंकुस निठुर निसंकू।</u> | अनुप्रास अलंकार |
| (घ) <u>गंगा-सी</u> पावन नदी। | उपमा अलंकार |
| (ङ) तू मोहन के <u>उरबसी</u>, ह्वै <u>उरबसी</u> समान। | यमक अलंकार |